शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 180 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 26 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कनाडा में मंदिरों को निशाना बनाने की भारत ने की निंदा, कहा-ठोस कार्रवाई हो

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने कनाडा में एक मंदिर में नारे लिखे जाने की निंदा करते हुए मामले को कनाडा सरकार के साथ सख्ती से उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारी अपेक्षा है कि कनाडा सरकार इस हरकत के दोषियों के खिलाफ तत्कार्लीि कड़ी कार्रवाई करेगी। प्रवक्ता ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि मंदिरों पर इस तरह के हमले लगातार हो रहे हैं। इनके पीछे की मंशा स्पष्ट है। दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से आपराधिक तत्वों का हौसला बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि उग्रवाद और हिंसा के लिए जिम्मेदार और उन्हें समर्थन देने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। अन्यथा कानून के शासन और विविधता के दावे खोखले साबित होंगे। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को इंटरनेट के जरिए धमकी देने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने पर टिप्पणी करते हुए कटाक्ष किया कि किसी लोकतांत्रिक देश को दोहरे मापदंड नहीं अपनाने चाहिए। हमारी अपेक्षा है कि कनाडा सरकार भारतीय नेताओं राजनयिकों, संस्थानों और एयरलाइंस को धमकी देने वाले भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई करे। कनाडा अपने मामले में जैसी सख्त कार्रवाई करता है, वैसी ही भारत संबंधी मामले में की जानी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि विधि के शासन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में यदि अगल-अलग पैमाना अपनाया जाता है तो यह पाखंड होगा। उल्लेखनीय है कि कनाडा के एडमोंटन में बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई और दीवार पर पेंट कर दिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, उत्तराखंड की प्रगति पर हुई चर्चा

**देहरादून**

सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# यूपीएससी-एससएससी की परीक्षाओं में नहीं हुआ कोई पेपर लीक: केंद्र

## पिछले छह वित्त वर्षों में 35 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि से देश में रोजगार 64.33 करोड़ हो गए

**नई दिल्ली**

**सरकार** ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि पिछले दो वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग , कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग कर्मचारी चयन संस्थान द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की कोई घटना नहीं हुई है। केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने एक लिखित जवाब में कहा, 'हाल ही में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई, 2024 को ओएमआर (पेन एंड पेपर) मोड में नीट (यूजी) का आयोजन किया था। कथित अनियमितताओं/ धोखाधड़ी/ छद्मवेश/ गलत आचरण के कुछ मामले सामने आए थे।' उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद विस्तृत जांच के लिए मामला 22 जून, 2024 को सीबीआई के हवाले कर दिया गया था।

**पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून लागू**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोक परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग रोकने के लिए सरकार ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 बनाया है, जिसे लागू कर दिया गया है और इस कानून के नियम भी अधिसूचित कर दिए गए हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि मार्च, 2024 तक पिछले छह वित्त वर्षों में 35 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि से देश में रोजगार 64.33 करोड़ हो गए हैं, जो 2017-18 में 47.5 करोड़ थे।

**रोजगार बढ़ने का दावा**

श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्यसभा में बताया कि 2017-18 से 2023-24 तक रोजगार में कुल बढ़ोतरी लगभग 16.83 करोड़ हुई। उन्होंने बताया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर (औपचारिक एवं आनौपचारिक) में 2017-18 से 2022-23 तक रोजगार के 85 लाख अवसरों की वृद्धि हुई।

एक अन्य जवाब में करंदलाजे ने बताया कि बाल श्रम दरअसल गरीबी, आर्थिक पिछड़ेपन, बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच का अभाव, निरक्षरता इत्यादि विभिन्न सामाजिक आर्थिक समस्याओं का परिणाम है। सरकार बाल श्रम को खत्म करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपना



## देश में 410 पोक्सो अदालतों सहित 755 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें कार्यरत : अर्जुन राम मेघवाल

**नई दिल्ली**

विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को कहा कि देश भर के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 410 विशिष्ट पोक्सो अदालतों सहित 755 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें कार्यरत हैं। बलात्कार और यौन अपराधों से पोक्सो से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र परीक्षण और समयबद्ध तरीके से निपटान के लिए विशेष पोक्सो अदालतों सहित फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों की स्थापना के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना को लागू कर रही है।

## दिल्ली में 23,811 लोगों को पीएम-उदय योजना के तहत संपत्तियों का मालिकाना हक मिला: केंद्र

**नई दिल्ली**


केंद्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री-अनधिकृत कॉलोनी दिल्ली आवास अधिकार योजना (पीएम-उदय) के तहत दिल्ली में अब तक 23,811 लोगों को संपत्तियों का मालिकाना हक मिला है। आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने गुरुवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को



पीएम-उदय के तहत मालिकाना हक के लिए 16 जुलाई 2024 तक कुल 1,22,729 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस साल 16 जुलाई तक पीएम उदय योजना के तहत मालिकाना हक पाने वाले लोगों की संख्या 23,811 है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली की 1,731 अनधिकृत कॉलोनियों की 8 लाख संपत्तियों का मालिकाना हक देने के लिए 29 अक्टूबर 2019 को पीएम-उदय योजना शुरू की थी।

## भारत की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031-32 तक तीन गुना हो जाएगी: जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली**

केंद्रीय परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031-32 तक तीन गुना हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031-32 तक 8180 मेगावाट से बढ़कर 22480 मेगावाट हो जाएगी।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में 2070 तक भारत के नेट जीरो ऊर्जा संक्रमण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभिन्न अध्ययनों ने 2047 तक 1 लाख मेगावाट की राष्ट्रीय परमाणु क्षमता की आवश्यकता का अनुमान लगाया है, उन अध्ययनों की सिफारिशों को भविष्य में अपनाने की संभावना के लिए देखा जा रहा है। परमाणु ऊर्जा की क्षमता वृद्धि पर सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले 10 वर्षों में भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता में 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो 2013-14 में 4,780 मेगावाट से बढ़कर वर्तमान में 8,180 मेगावाट हो गई है। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से वार्षिक बिजली उत्पादन भी 2013-14 में 34,228 मिलियन यूनिट से बढ़कर 2023-24 में 47,971 मिलियन यूनिट हो गया है। डॉ. सिंह ने बताया कि देश में वर्तमान में स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 8,180 मेगावाट है, जो 24 परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों में फैली हुई है। 15300 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 21 रिएक्टर न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हलाल और झटका विवाद

### यूपी, उत्तराखंड व मध्य प्रदेश सरकारों को आदेश देने की मांग

**नई दिल्ली**

कांवड़ यात्रा केमार्गकी दुकानों में नेम प्लेट लगाने के मामले में हलाल और झटका का नया मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील संजीव कुमार ने याचिका दाखिल कर यूपी, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश देने की मांग की है कि वो अपने यहां के सभी रेस्टोरेंट को यह साफ-साफ उल्लेख करने को कहें कि उनके यहां परोसा जा रहा मीट हलाल है या झटके का। याचिका में स्वीगी, जोमैटो जैसे फूड डिलीवरी ऐप को निर्देश देने की मांग की गई है



कि वो इन ऐप के जरिये सर्व हो रहे मीट के हलाल या झटका होने का साफ-साफ उल्लेख करें। याचिका में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश को आदेश जारी किया जाए कि झटका मांस का विकल्प न देने वाला कोई भी रेस्तरां संविधान के अनुच्छेद 17, अनुच्छेद 19 (1)(जी) और अनुच्छेद 15 का उल्लंघन करने वाला माना जाएगा। साथ ही याचिकाकर्ता ने कोर्ट से इस मामले में खुद को पक्षकार बनाये जाने और पहले से लंबित याचिकाओं के साथ अपना भी पक्ष सुने जाने की मांग की है।

## संसद में भिड़े रवनीत बिट्टू और चरणजीत सिंह चन्नी

### केंद्रीय मंत्री ने लगाया देशद्रोही की तरह व्यवहार का आरोप, कुछ देर के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू और पंजाब से कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बीच वाद-विवाद हो गया और दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी की। इसके बाद हंगामा बढ़ते देख कार्यवाही को थोड़ी देर तक स्थगित कर दिया गया।




लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान लोकसभा सदस्य चरणजीत सिंह चन्नी ने केन्द्र सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश की।

उन्होंने इस दौरान कांग्रेस में अपने पूर्व साथी और वर्तमान में भाजपा नेता एवं केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर व्यक्तिगत आक्षेप किए। इसके जवाब में बिट्टू ने भी भ्रष्टाचार और अन्य विषयों पर उनपर व्यक्तिगत आरोप लगाये। मामला तनातनी तक पहुंच गया। चरणजीत सिंह चन्नी ने आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है। अपने भाषण में उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह की रिहाई तक की मांग की। अमृतपाल सिंह इस समय खंडूर सिंह साहिब लोकसभा सीट से सांसद है और असम की जेल में बंद हैं। चन्नी ने बिट्टू के शहीद दादा का भी नाम लिया और टिप्पणी की। इसके जवाब में बिट्टू ने कहा कि उनके दादाजी सरदार बेअंत सिंह ने देश के लिए कुर्बानी दी थी। कांग्रेस के लिए नहीं दी थी। इसके बाद बिट्टू ने चन्नी के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणियां की। इससे पहले भी चरणजीत सिंह चन्नी के भाषण के दौरान दो केन्द्रीय मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने सदन में कहा था कि सरकार ने किसानों को एमएसपी देने का वादा किया था। इस पर पीयूष गोयल ने आपत्ति जताई और कहा कि उन्हें अपनी बात को सत्यापित करना चाहिए।

## देश के 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में खुलेंगे क्रैच सेंटर, एक लाख आंगनवाड़ी को अपग्रेड करने का लक्ष्य



**नई दिल्ली**

देशभर में लगभग 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड कर उसमें क्रैच सेंटर खोले जाएंगे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस योजना पर तेजी से काम करते हुए आने वाले सालों में करीब एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करेगी। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं की सहुलियत के लिए 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में क्रैच सेंटर खोलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए जल्दी आवश्यक भर्ती की जाएंगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ आने वाले समय में एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड किया जाएगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 2024-25 के लिए महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से योजनाओं के लिए जेंडर बजट आवंटन 3.3 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के जेंडर बजट विवरण की तुलना में 37.3 प्रतिशत अधिक हैए यह महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति सरकार के संकल्प को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प लिया है, उसी दिशा में सरकार वीमेन डेवलपमेंट से वीमेन लेड डेवलपमेंट की ओर बढ़ रही है, जहां महिलाएं विकास और राष्ट्रीय प्रगति की कहानी में समान भागीदार हों और जहां वे नेतृत्व करें।

मंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए वन-स्टॉप सेंटर आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं, जिसमें चिकित्सा और कानूनी सहायता शामिल है और 24 घंटे टोल-फ्री हेल्पलाइन '181' और '1098' संकट से महिलाओं और बच्चों को तत्काल सहायता प्रदान की जाती है।

## छह महीने में व्यापक समीक्षा के साथ संशोधित प्रत्यक्ष कर संहिता लाएगी सरकार : राजस्व सचिव

### मल्होत्रा ने कहा- कराधान के प्रति दृष्टिकोण टकराव की बजाय सहयोग की शैली में होगा




**नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार प्रत्यक्ष कर संहिता की व्यापाक समीक्षा की दिशा में काम कर रही है। इसको आंतरिक समिति के द्वारा तैयार किया जाएगा, फिर अगले छह महीनों के भीतर हितधारकों के परामर्श के लिए साझा किया जाएगा। संजय मल्होत्रा ने यहां केंद्रीय बजट 2024-25 पर भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के एक संवादात्मक सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे पास परामर्श प्रक्रिया होगी और यह कैसे होगा, यह हम तय करेंगे।

## लोको पायलट और गार्ड को ड्यूटी में नहीं ढोने पड़ेंगे भारी-भरकम लोहे के संदूक

### ट्रॉली बैग देने की तैयारी में रेलवे

**नई दिल्ली**

लोको पायलट और गार्ड को अब अपना निजी सामान और आधिकारिक उपकरण लोहे के ट्रंक में नहीं ले जाने पड़ेंगे। वे इसके स्थान पर ट्राली बैग का उपयोग कर सकेंगे। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोन को पत्र लिखा है। बोर्ड ने 19 जुलाई को लिखे अपने पत्र में कहा है कि जोनल रेलवे से अनुरोध है कि वे लोको पायलट (ट्रेन चालक) और गार्ड को ट्रॉली बैग उपलब्ध कराने के नीतिगत निर्णय को लागू करना शुरू करें। बोर्ड ने 2006 में एक व्यापक निर्देश के साथ इसकी शुरूआत की थी। एक साल बाद परीक्षण के आधार पर इसके कार्यान्वयन के लिए ट्रेड यूनियन के साथ चर्चा के बाद एक और दिशा निर्देश जारी किया।

## देश में वायु प्रदूषण से संबंधित मौतों का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं: केंद्र

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि वायु प्रदूषण से संबंधित मौतों पर फिलहाल कोई निश्चित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि केवल वायु प्रदूषण के कारण मृत्यु का सीधा संबंध स्थापित करने के लिए कोई निर्णायक डेटा उपलब्ध नहीं है। वायु प्रदूषण श्वसन संबंधी बीमारियों और संबंधित बीमारियों को प्रभावित करने वाले अनेक कारकों में से एक है। स्वास्थ्य कई कारकों से प्रभावित होता है, जिसमें पर्यावरण के अतिरिक्त व्यक्तियों की खान-पान की आदतें, व्यावसायिक आदतें, सामाजिक-आर्थिक



स्थिति, चिकित्सा इतिहास, प्रतिरक्षा, आनुवंशिकता आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जनवरी 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य सभी हितधारकों को शामिल करके 24 राज्यों के 131 शहरों (गैर-प्राप्ति शहरों और मिलियन से अधिक शहरों) में वायु गुणवत्ता में सुधार करना है। तुलना में वर्ष 2024 तक पर्टिकुलेट मैटर (पीएम) सांद्रता में 20-30 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2025-26 तक पीएम 10 के स्तर में 40 प्रतिशत तक की कमी लाने अथवा राष्ट्रीय मानकों को प्राप्त करने के लिए लक्ष्य को संशोधित किया गया है।

उन्होंने कहा कि सभी 131 शहरों द्वारा सिटी एक्शन प्लान (सीएपी) तैयार किए गए हैं तथा शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है। शहर विशिष्ट स्वच्छ वायु कार्य योजनाओं में शहर विशिष्ट वायु प्रदूषण स्त्रोतों जैसे मिट्टी एवं सड़क की धूल, वाहन, घरेलू ईंधन, अपशिष्ट जलाना, निर्माण सामग्री तथा उद्योगों को लक्षित किया गया है। कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि सिटी एक्शन प्लान की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए इन 131 शहरों को प्रदर्शन आधारित वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम (शहरी), कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत), स्मार्ट सिटी मिशन, किफायती परिवहन के लिए सतत विकल्प (एसएटीएटी), हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तेजी से अपनाना और विनिर्माण (फेम-क्क), नगर वन योजना आदि और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों और नगर निगम, शहरी विकास प्राधिकरण और औद्योगिक विकास प्राधिकरण आदि एजेंसियों से संसाधनों के माध्यम से वित्त पोषण जुटाया जाता है।

# अपराधियों के साथ सख्त कानूनी कार्यवाही करे पुलिस प्रशासन : विनोद प्रजापति

**एसडीएम कोरांव से मिला भाजपा प्रतिनिधि मंडल, एसडीएम ने इंस्पेक्टर को तलब कर सख़्त कार्यवाही को कहा, यमुनापार के भाजपाइयों ने इस प्रकरण में नगरपंचायत कोरांव चेयरमैन व पूर्व चेयरमैन के संग बैठक की**

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** यमुनापार के कोरांव क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध और नगर पंचायत कोरांव में हिन्दू बच्ची के साथ चार दिन पूर्व हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस प्रशासन के लापरवाही पूर्ण रवैया द्वारा उचित कार्यवाही ना होने के कारण हिन्दू समाज में भारी आक्रोश दिखा। भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों एवं जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कोरांव उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने इंस्पेक्टर कोरांव नितेंद्र शुक्ला को तलब कर दो नामजद को जेल भेजने के बाद अन्य अज्ञात आरोपितों की पहचान कर सख़्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया। जिलाध्यक्ष ने अज्ञात आरोपितों पर कार्यवाही, घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ घटना का खुलासा करने, कांशीराम आवास योजना



अपराधियों का जो अड्डा बना है अवैध लोगों की पहचान कर बाहर करने। लगातार चल रहें लव-जेहाद रैकेट के माध्यम से हिन्दू बच्चियों को शिकार बनाए जा रहे रैकेट का खुलासा कर सार्वजनिक करने की मांग की गई। दुष्कर्म के दोनों नामजद अभियुक्तों के अवैध मकान के ध्वस्तीकरण की मांग के साथ गोपाल विधालय का सीसीटीवी सही कराने, मनचलों के जमावड़ों को खतम करने के साथ नगर पंचायत हल्के में तैनात दरोगा अबू तालिब जैदी द्वारा लव-जेहाद रैकेट के संरक्षण का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा पुलिस प्रशासन को तत्काल अपराधियों के हौंसले और घोंसले तोड़ने का कार्य करना चाहिए ऐसे प्रकरणों में पुलिस प्रशासन की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। प्रतिनिधि मंडल मे प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश्वरी तिवारी,जय सिंह पटेल,जिला महामंत्री राजेश शुक्ल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला प्रचंड, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, चेयर मैन कोरांव ओम प्रकाश केशरी,ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल,पूर्व चेयरमैन नरसिंह केसरी, मंडल अध्यक्ष कोरांव संजय पटेल,रवि दुबे,बिजेंद्र तिवारी सभासद,तुलसी दास राणा ,राकेश पाण्डेय,सुमित पांडेय, मनोज गुप्ता,सतीश विश्वकर्मा आदि के साथ भारी संख्या में भाजपा जिला, विधानसभा, मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी रहें।

## बाउंड्रीवॉल फांदकर घर में घुसे चोर कीमती जेवरात किए पर

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत चकिया घरहरा गांव निवासी राहुल पटवा पुत्र नंदलाल पटवा के घर गुरुवार की भोर लगभग 3:00 बजे अज्ञात चोरों ने बाउंड्री वॉल फांदकर घर में घुस गए और घर में रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा कीमती जेवर छागल, पेटी, पायल, बिछिया एवं पुरानी चांदी का करधन कुल लगभग डेढ़ लाख रुपए का जेवराज चोरों ने पार कर गए। अगल-बगल के घरों का बाहर से चोरों ने कुंडी चढ़ा दिए थे। बगल के ही कमरे में लेटी राहुल पटवा की मां खटकूट की आवाज सुनाई पड़ा तो उन्होंने आवाज लगाया तो चोर वहां से भाग निकले। भुक्त भोगी राहुल पटवा के अनुसार चोर के बड़े बाल थे, बाल में पट्टा और मुंह में कपड़ा बांधकर रखा था शरीर पर अंडरवियर पहन रखा था। फिलहाल राहुल पटवा ने सहसों पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## शिक्षकों के लिए बेहद निराशाजनक है सरकार का बजट : अनुराग पांडेय



आल टीचर्स एंड एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष केंद्रीय बजट पर व्यक्त की अपनी प्रक्रिया सरकार से किया सवाल

**मेजा।** इस सत्र का बजट इतना निराशाजनक रहा कि कुछ मिलने कि उम्मीद छोड़ दीजिए शिक्षक कर्मचारियों का चार प्रतिशत काट लिया गया है देखा जाय तो कोई छोटा कर्मचारी जिसकी तनख्वाह कम हो और उसके तनख्वाह से चार प्रतिशत काट लिया जाय तो कर्मचारी अपने परिवार का पेट कैसे पालेगा उक्त बातें अटेवा की मेजा इकाई के अध्यक्ष एवं शिक्षक अनुराग पांडेय ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के युग में हम कर्मचारी है सरकार को कम से कम अपने कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए बजट का ऐलान करना चाहिए। उन्होंने ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि क्या देश की तरक्की में शिक्षक कर्मचारियों का कोई योगदान नहीं होता है, क्या नेताओं से और जनता से ही देश का विकास होता है? श्री पांडेय ने आगे कहा सरकार वही जो अपने कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखकर बजट का ऐलान करे हम कर्मचारी अपने हक के लिए निरन्तर संघर्ष करते चले आये हैं जिसमें पुरानी पेंशन बहाली प्रमुख मुद्दा रहा है जब तक हमें हूबहू पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती हम शिक्षक कर्मचारी अटेवा ऑल टीचर्स एंड एम्पलाइज असोसिएशन वैनर तले विजय कुमार बंधु के अगुवाई में सरकार से अपनी मांग करते रहेंगे। उनका मानना है कि सरकार के इस निराशाजनक बजट या फिर अन्य किसी माध्यम से हम कर्मचारी डिगने वाले नहीं हैं।

# सड़क हादसे में किसान की हुई मौत,साथी गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

**पसना।** कोरांव थाना अंतर्गत पसना गांव में देर शाम दो बाईकों की आमने सामने भिडंत में बाईक सवार पसना गांव निवासी अमरपाल सिंह पुत्र देवनारायण सिंह उम्र 48 वर्ष की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार अमरपाल पसना गांव के ही अपने साथी धर्मेंद्र पुत्र राजकुमार के साथ खेत में सिंचाई हेतु पानी लगाने गया था। देर शाम बाइक से वापस आते समय पसना गांव के पहले सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे जिससे अमरपाल के सिर में गंभीर चोट लग गई,मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने अमरपाल को मृत घोषित कर



मृतक के पास रोते बिलखते परिजन तथा इन्सेट में मृतक की फाइल फोटो

दिया। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। टक्कर मारने वाला बाईक सवार मौके पर अपनी बाईक छोड़ कर फरार हो गया। मृतक को एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं, जिनमें से पुत्र और एक पुत्री का विवाह हो चुका है।मृतक की पत्नी व पुत्रियों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था।जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को विच्छेदन हेतु पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया।



## पार्षद ने भाजपा कार्यकर्ता का मनाया जन्मदिन

**नैनी।** नैनी चकदोंदी भाजपा के सेक्टर संयोजक प्रदीप कुमार तिवारी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख चाका संजय श्रीवास्तव एवम वार्ड 81 के वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव ने उन्हें केक खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दी शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, समाजसेवी सुनील कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, सतीश प्रजापति, नित्यानंद मिश्रा, दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुनील विश्वकर्मा, उमेश सेन, राज सिंह, आदि भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारीगणों ने प्रदीप तिवारी को अपनी शुभकामनाएं दी।

# समिति के अध्यक्ष ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों का किया निरीक्षण







अखंड भारत संदेश

सहसों। बेहतर स्वास्थ्य सेवा, व्यवस्थित साफ सफाई एवं मरीजों को अच्छी सुविधाओं के मद्देनजर गुरुवार को नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों में जन आरोग्य कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कमरे की छत से पानी टपक रहा है। पानी टपकने से कमरे में रखा फर्नीचर भी खराब हो रहा है, दीवारों में सीलन व प्लास्टर खराब हो गया है। बाउंड्री वॉल टूटी हुई है। जिस पर असंतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधिकारी से जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अविलंब ठीक एवं सब कुछ व्यवस्थित कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा भाजपा सरकार अच्छी स्वास्थ्य सेवा एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। जिसका फायदा हर जरूरतमंद को मिलनी चाहिए। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनी के अधीक्षक डॉ मनीष मौर्य ने बताया कि कमरे की मरम्मत के लिए जिला स्तर पर कहा गया है। पुताई सहित अन्य कार्य के लिए पेंटर को लगा दिया गया है। बरसात के कारण नहीं हो पा रहा है। जैसे ही आसमान साफ होगा कार्य करा दिए जाएंगे। वहीं चिकित्सा अधिकारी सहला हमीद ने विभिन्न प्रकार के चालीस मरीजों का परीक्षण कर परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाई दी। इस मौके पर फार्मासिस्ट रमाकांत, कमल भानु, रोमी सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेजारोड रेलवे स्टेशन पर पैसा लेकर कथित सिपाही द्वारा टिकट कटवाने का आडियो वायरल

*आरपीएफ प्रभारी मांडा मनोज त्रिपाठी ने जांच के लिए गठित किया टीम कहा जल्द होगी दलालों की गिरफ्तारी*

अखंड भारत संदेश

**मेजारोड।** रेलवे स्टेशन पर तैनात एक सिपाही का इन दिनों पैसे लेकर टिकट करवाने का आडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि अखंड भारत संदेश समाचार पत्र इस वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सुबह टिकट दलालों ने टिकट खिड़की से तत्काल टिकट लेते ही एक युवक की पिटाई कर दी थी। बताया जाता है कि पीड़ित युवक ने जब इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से किया तो टिकट दलालों ने रेलवे पुलिस के एक सिपाही का भी आडियो वायरल कर दिया, जिसको संज्ञान में लेते हुए आरपीएफ मांडा के प्रभारी मनोज त्रिपाठी द्वारा टीम गठित कर वायरल आडियो की जांच की जा रही है। वहीं लोकल टिकट दलालों के घर भी रेलवे पुलिस ने छापेमारी की है लेकिन नाकामी हाथ लगी। रेलवे पुलिस के सब इंस्पेक्टर ज्ञानचन्द्र ने बताया कि टिकट की दलाली कर रहे लोगों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





# भाजयुमो कार्यकताओं द्वारा सहसों में निकाला गया मसाल जुलूस

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा गंगापार के कार्यकताओं द्वारा सहसों स्थित राम जानकी मंदिर से गोल चौराहा सहसों तक मसाल जुलूस निकाला गया। जिसमें भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष कविता पटेल एवं जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा गंगापार नवीन सिंह पटेल की अगुवाई में कार्यकताओं ने हाथ में तिरंगा एवं भारत माता के जयकारे लगाते हुए अमर शहीदों की याद में मसाल जुलूस को निकल गया। इस अवसर कार्यकताओं ने सहसों गोल चौराहे पर एक सभा कर अमर शहीद बलिदानियों को भाविनी श्रद्धांजलि भी अर्पित किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्रा, कुंवर मृगेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, संदीप द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज, बलवंत सिंह, पार्षद सियाराम मौर्य, जिला संयोजक नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, किरण त्रिवेदी शाश्वत तिवारी, जयेश केसरवानी, पुष्कर सिंह, अनिकेत जायसवाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चकमार्ग खाली करवाने के प्रार्थना पत्र पर अभी तक नहीं हुई कार्रवाई

**लालापुर।** बारा तहसील के ग्राम सभा ओठगी तरहार के राजस्व गांव गिधार में चकमार्ग खाली करवाने के लिए तहसील बारा संपूर्ण समाधान दिवस पर दिया गया प्रार्थना पत्र अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। बारा तहसील के ग्राम सभा ओठगी तरहार गिधार निवासी मंगला प्रसाद ने 22 जुलाई को बारा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में चकरोड खाली करवाने की अपील की गई थी मंगला प्रसाद ने बताया कि गांव के तीन चार काश्तकारों ने चकमार्ग को काट कर अपने खेत में मिला लिया। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगला प्रसाद तिवारी, अर्जुन मिश्रा ने बताया कि यदि प्रशासन इस चकमार्ग को खाली करवा दे तो गांव ही नहीं बल्कि दो तीन गांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी बारा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया तो फोन रिसीव नहीं हुआ।

# न्यूज झरोखा

## गोरक्षा जिला अध्यक्ष के भाई का हुआ आकस्मिक निधन घर में शोक



**मेजा।** विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेता सेवा लाल पटेल के बड़े भाई नन्द लाल पटेल का बुद्धवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़कर गोलोक वासी हो गए वे 70 वर्ष के थे। यह जानकारी देते हुए भाजपा नेता बार-बार भाऊक हो रहे थे। भाजपा नेता के भाई का असमय निधन पर पार्टी नेता एवं संघ के संजय पाण्डेय, आशुतोष त्रिपाठी, गंगा प्रसाद मिश्रा, पप्पू सिंह गौतम, नीरज द्विवेदी, सनी विश्वकर्मा, चंद्रभान सिंह, अरुण सिंह, आदेश कुमार सिंह, विवेक मिश्रा, प्रेमशंकर सिंह, नरेश आदि लोगों ने दुःख जताया है । निवर्तमान सांसद केशरी देवी ने कहा कि ईश्वर उन्हे श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतृप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दें '

## बाउंड्रीवॉल फांदकर घर में घुसे चोर कीमती जेवरात किए पर

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत चकिया घरहरा गांव निवासी राहुल पटवा पुत्र नंदलाल पटवा के घर गुरुवार की भोर लगभग 3:00 बजे अज्ञात चोरों ने बाउंड्री वॉल फांदकर घर में घुस गए और घर में रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा कीमती जेवर छागल, पेटी, पायल, बिछिया एवं पुरानी चांदी का करधन कुल लगभग डेढ़ लाख रुपए का जेवराज चोरों ने पार कर गए। अगल-बगल के घरों का बाहर से चोरों ने कुंडी चढ़ा दिए थे। बगल के ही कमरे में लेटी राहुल पटवा की मां खटकूट की आवाज सुनाई पड़ा तो उन्होंने आवाज लगाया तो चोर वहां से भाग निकले। भुक्त भोगी राहुल पटवा के अनुसार चोर के बड़े बाल थे, बाल में पट्टा और मुंह में कपड़ा बांधकर रखा था शरीर पर अंडरवियर पहन रखा था। फिलहाल राहुल पटवा ने सहसों पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## अमिलिया मामले में एक नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया गाँव में बीते कुछ दिनों पहले मोहर्रम के दिन ताजिया को लेकर हुए विवाद में बृहस्पतिवार को एक अभियुक्त और गिरफ्तार हुआ लालापुर पुलिस टीम खोजबीन के बाद कौशाम्बी जाने के रास्ते प्रतापपुर तिराहे पर मुखबिर की सुचना पर मोहम्मद हसीन अंसारी उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर विधिक कारवाही की गई।

## कचरी रेलवे पुलिया का जल निकासी न होने से राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

**करछना।** क्षेत्र के कचरी गांव के सामने दिल्ली हावड़ा रेल रूट मार्ग में बिछाए जा रहे नए रेलवे ट्रैक में बनाई गई पुलिया से पानी निकासी न होने से अब राहगीरों के लिए मुसीबत बन रही है। बृहस्पतिवार सुबह हुई तेज बरसात से समूचे पुलिया में पानी जमा हो गया है। इससे पुलिया से होकर गुजरने वाले ज्यादातर राहगीर पानी का अनुमान नहीं लग पा रहे हैं और इसमें फंसकर गिरकर चोटहील हो रहे हैं। वहीं कई राहगीर जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक के ऊपर से होकर आवा गमन करने को मजबूर है। बता दें की पुलिया से होकर गुजरने वाला मार्ग तीस से अधिक गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से रोजाना दिन व रात दोपहिया व चार पहिया से हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन बना रहता है। पानी का निकासी न होने से ज्यादा तर राहगीर वाहनों से उतरकर रेलवे ट्रैक के ऊपर से होकर गुजरते हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा होंने का खतरा बना रहता है। हालांकि कचरी गांव के ग्राम प्रधान धर्मराज पटेल द्वारा पुलिया में जमा पानी निकालने को लेकर कई बार जेसीबी मशीन से साफ करने का प्रयास किया गया । लेकिन सामने से गुजरी मिर्जापुर प्रयागराज मार्ग में बनाई गई पुलिया का ऊंचा होना एवं रेलवे में कार्य कर रही कार्यदाई संस्था के ठेकेदार द्वारा उसी के सामने नई पुलिया निर्माण के दौरान बिना लेवल के खाल कर देना समस्या का कारण बना है। यही कारण है कि पुलिया का लेवल कम होने से बरसात का पानी भारी मात्रा में पुलिया में जमा हो रहा है। इससे राहगीर जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक ऊपर से आवा गमन करने को मजबूर है।

# विद्यार्थियों की चंहुमुखी विकास में किताबी शिक्षा के साथ सांस्कृतिक ज्ञान भी जरूरी : क्षमा शंकर

**गीत, नाटक और कविता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई प्रतिभा, कौड़िहार और श्रृंगवेरपुर ब्लॉक में संचालित बेसिक स्कूलों ने शिक्षा सप्ताह के चौथे दिन किया कार्यक्रम**

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के मानिंद होते हैं। जिस तरीके से कुम्हार मिट्टी को किसी भी रूप में ढाल देता है। उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान विज्ञान और हुनरमंद बनाने की जद्दोजहद करता है। शिक्षा सप्ताह के चौथे दिन सांस्कृतिक दिवस के अवसर पर नौनिहालों ने विभिन्न प्रकार की मनमोहक प्रस्तुतियां कीं। उपस्थित अतिथियों ने उनकी प्रतिभा को सराहते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। कौड़िहार और श्रृंगवेरपुर ब्लाक के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा में प्रज्ञा, रिया और नैना ने संस्कृत भाषा में सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के संयुक्त छात्र एवं छात्रों ने आयोजित किया। इस अवसर पर अंधियारी ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि छोटेलाल समेत अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। देश भक्ति सांस्कृतिक एवं धार्मिक गीतों पर आधारित छात्र-छात्राओं ने नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। देश की संस्कृति और उसकी विरासत को संरक्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार की मनमोहन प्रस्तुति कर दर्शकों को जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों की चंहुमुखी विकास के लिए किताबी शिक्षा के साथ सांस्कृतिक ज्ञान भी जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रम जन समुदाय को जोड़ने का काम करते हैं। कार्यक्रम में उम्दा प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने प्रोत्साहित भी किया।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई जख्मी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी लालबहादुर पुत्र जगन्नाथ का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी घर में घुस कर मारे पीटे तोड फोड़ किए।तथा बाउंड्री गिरा दिए। लालबहादुर ने मऊआइमा थाने में विनोद पटेल, द्वारिका, मुन्नालाल एक दर्जन अज्ञातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम बरईपुर निवासी प्रेमा देवी पत्नी फूलचंद्र का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया और तोड फोड़ की गयी।प्रेमा देवी ने देवराज आदि तथा चार अज्ञातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि दूसरे पक्ष की मंजू देवी पत्नी जय सिंह ने प्रवीण कुमार आदि तथा चार अज्ञातों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नेवढिया उपकेंद्र के जेई साहित लाइन मैन मनमनी पर उतारु

अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मेजा तहसील अंतर्गत नेवढिया पावर हॉउस की बिजली व्यवस्था सबसे घटिया एवं ध्वस्त हो चुकी है। कारण कुछ और नही बल्कि स्थानीय लाइन मैन उपभोक्ताओं से पैसे लेकर कार्य करने के चक्कर मे बिजली बाधित करा देते हैं। कई माह से बिजली महज पांच से छह घंटे मिल पा रही है। इससे उपभोक्ताओं मे जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी फरमान के मुताबिक बुंदेलखंड मे अटठारह घंटे बिजली उपलब्ध ओराने का सख्त निर्देश है। बावजूद इसके बिजली व्यवस्था ध्वस्त है। लाइन मैन एवं जेई की घोर लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। बिजली के विरोध पर जीओ साहित कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर छापेमारी कर केस दर्ज कराने पर उतारू हो जाते है। उक्त पावर हॉउस पूरे तहसील की घटिया केंद्र साबित हो गई है। यह कहने मे बिल्कुल संकोच नही किया जा सकता है। इतना ही नही क्षेत्र मे खराब हो रहे ट्रांसफार्मर के दुरुस्तीकरण के लिए भी लाइन मैन उपभोक्ताओं से रकम वसूलने का कार्य करते हैं। लेकिन मेजा के अधिसाशी अभियंता से लेकर एसडीओ जेई सभी बेखबर हैं। वहीं उक्त पावर हॉउस की दयनीय दशा से आम जनमानस का जन जीवन बेहाल है। उक्त केंद्र की घटिया बिजली व्यवस्था इन दिनों सोशल मीडिया पर भी जमकर सुर्खिया बटोर रही है। लोग तरह तरह की टिप्पड़िया कर रहे हैं। लेकिन फिर भी अधिकारी मौन हैं। ऐसी दशा मे उच्चधिकारियो पर सवाल खड़े होते हैं की आखिरकार लाइन मैनो को मनमनी कार्य करने की परमिशन किसने दे रखी है। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना है की कर्मचारियों पर अधिकारी लगाम लगा पाते हैं या नहीं, सोचने वाली बात है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ आपदा से बचाव हेतु राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का किया गया आयोजन

**मॉक एक्सरसाइज के अन्तर्गत बाढ़ पीड़ितों एवं बाढ़ से प्रभावित पशुओं एवं आम जनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का किया गया रिहर्सल/मॉकड्रिल**






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम क्षेत्र के वी.आई.पी घाट पर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वाधान में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिसके तहत कोई आपदा आती है, तो कितना जल्दी उससे बचाव किया जा सकता है, के बारे में मॉक एक्सरसाइज के माध्यम आम जनमानस एवं वार्डेन्स को जानकारी दी गयी। ईओसी बाढ़ द्वारा बताया गया कि अतिवृष्टि के कारण धूस्सा घाट पर जलस्तर बढ़ रहा है संगम किला के पास नाव पलट गयी, जिसके बचाव के लिए एसडीआरएफ, जल पुलिस, पीएसी की टीमे एवं आर्मी की टीम घटना स्थल के लिए रवाना कर बाढ़ पीड़ितों एवं बाढ़ से प्रभावित पशुओं एवं आमजनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का रिहर्सल/मॉकड्रिल किया गया। सेना के जवानों एवं गोताखोरों की मदद से खोज एवं बचाव कार्य सम्पादित किया गया, जिसके पश्चात प्रभावित व्यक्तियों एवं पशुओं को मेडिकल कैम्प पर पहुंचाया गया एवं कैम्प पर उपस्थित चिकित्सकों द्वारा बाढ़ प्रभावित पशुओं एवं व्यक्तियों का इलाज का रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, कर्नल विकास खरे, मेजर विनोद भलोटिया, होमगार्ड टीम, चीफ वार्डन अनिल कुमार, उप नियन्त्रक नीरज मिश्र, एडीसी(गजटेड) राकेश कुमार तिवारी जल पुलिस के नेतृत्व में एसडीआरएफ व उनकी टीम, पीएसी 4 वी बटालियन, पीएसी 42 वी बटालियन, मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय से डॉ. संजय बरनवाल व उनकी टीम, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से डॉ. प्रेम कुमार सिंह, डॉ. एम.पी. सिंह व उनकी टीम आपदा प्रबंधन सहायक अन्तिम कुमार, पूर्व जल पुलिस निरीक्षक कड़ेदीन यादव, सिविल डिफेंस के स्टाफ आफिसर एवं वालेंटियर्स वार्डेन सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में मिला हैंड ग्रेनेड

### कबाड़ बस्ती पुलिस ने कराया खाली, बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज

**प्रयागराज।** प्रयागराज में नाला सफाई के दौरान एक हैंड ग्रेनेड मिला। मजदूर इसे अपने साथ घर लेकर आ गया। कुछ लोगों ने उसे हैंड ग्रेनेड होने की जानकारी दी। उसके बाद जार्जटाउन पुलिस को सूचना दी। जार्जटाउन पुलिस ने तत्काल कंट्रोल रूम और बीडीएस टीम को सूचना दी। उसे बाद मौके पर पहुंचकर आसपास के घरों को खाली करा कराया गया। बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। इसके बाद संदिग्ध वस्तु को परेड मैदान में लाकर डेमोलेशन सेट के जरिए डिफ्यूज किया गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

**नाला सफाई में मिला, कर्मचारी बस्ती में ले आए बम :** पुलिस के मुताबिक गुरुवार को प्रयागघाट रेलवे लाइन के बगल में नाला सफाई के दौरान सफाई कर्मी चंदन कुमार को हैंड ग्रेनेड मिला। चंदन कुमार इसे अपने घर हैजा अस्पताल के बगल में झोपड़ बस्ती में लेकर आया था। परेड मैदान में गड्ढा खुदवाकर बम निरोधक दस्ते ने डेमोलेशन सेट के जरिए इसे निष्क्रिय किया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। यह लगभग दस साल से जमीन में दबे होने की वजह से जंग लगा हुआ था।

## शिवकुटी में गृहकर निवारण हेतु लगाया गया कैम्प, स्वकर निर्धारण की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2024



**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा जनहित में सूचित किया जाता है कि जीआईएस के आधार पर विगत वर्ष 2023-24 में जारी किये गये बिलों के समाधान के लिए नगर निगम सदन द्वारा नागरिकों के बढ़े हुए गृहकर बिल के निदान के लिए स्वकर-प्रपत्र भर कर, कर निर्धारण फाईनल किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसके क्रम में आज दिनांक 25 जुलाई 2024 को वरिष्ठ पार्षद कमलेश तिवारी शिवकुटी वार्ड नं0 34 के आवास पर नगर निगम के हाउस टैक्स निवारण के संदर्भ में कैंप लगाया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक जेपी द्विवेदी की पूरी टीम के साथ हाउस टैक्स से संबंधित समस्या का निवारण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय गृहकरदाता एवं वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी रही। जिन्होंने अपने भवन के मूल्यांकन हेतु आपत्ति फार्म भर कर संशोधन/निवारण की कार्यवाही करायी गयी, साथ ही स्थानीय नागरिकों से अपील की गयी कि जिसका गृहकर मूल्यांकन अधिक हो वह आपत्ति फार्म भरकर इसका निवारण कर लें, आपत्ति फार्म भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है, जिन भवन स्वामियों द्वारा पुराने मूल्यांकन के आधार पर अपना गृहकर जमा कर दिया ऐसे नागरकि भी नगर निगम मुख्यालय में नागरिक सुविधा क्रेन्द में आकर देख ले कि उनका वित्तीय वर्ष 2022 में जी0आइ0एस0 सर्वे के आधार पर गृहकर का मूल्यांकन बढ़ गया है और उन्हें लगता है कि मेरा मूल्यांकन अधिक है तो तत्काल आपत्ति फार्म डालकर इस समस्या का समाधान कर लें। भवन स्वामियों के गृहकर बिलों के समाधान के लिए नगर निगम सदन द्वारा विगत फरवरी माह की बैठक में स्वकर निर्धारण की अन्तिम तिथि बढाते हुए 31 जुलाई 2024 कर दी गयी है। जिससे वह स्वकर-प्रपत्र भर कर अपने बढ़े हुए गृहकर का निस्तारण करा लें अपने भवन का गृहकर जमा करा दें, जिससे अनावश्यक ब्याज आदि न भरना पडे.।

# सॉरी मम्मी-पापा, मैंने आपकी तीन साल की मेहनत बर्बाद कर दी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र राजेश कुमार (21) ने कर्ज और पढ़ाई से परेशान होकर कमरे में फंदे से लटककर जान दी थी। यह बात उसके कमरे से मिले सुसाइड नोट से सामने आई है। मंगलवार को उसका अंतिम वर्ष का पेपर था लेकिन वह परीक्षा में शामिल नहीं हुआ। जब उसके साथी पेपर देकर लॉज में लौटे तो वह अपने कमरे में फंदे से लटका हुआ था। राजेश ओबरा सोनभद्र का मूल निवासी था। वह दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। कमरे से मिले तीन पेज के सुसाइड नोट में उसने लिखा कि सॉरी मम्मी-पापा मैंने आपके तीन साल की मेहनत को खराब कर दिया। मेरी कोई बात आप लोगों को यदि गलत लगी हो तो मुझे माफ कर दीजिएगा। मेरी मौत का किसी पर इल्जाम न आए इसलिए मैं यह सब लिख रहा हूं।आगे उसने मां के लिए लिखा कि मां की जान बसती है मुझमें, लेकिन मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं। आगे अपने तीन साथियों के नाम का जिक्र करते हुए लिखा है कि उसने एक से 5000, दूसरे से 2800 और तीसरे से 5000 रुपये कर्ज लिया है। पापा कृपया इनके पैसे लौटा दीजिएगा। इस मैटर में मैंने देखा है कि किसी से मेरा खुश चेहरा नहीं देखा जाता।

### पापा टूट जाएंगे अब, मैं क्या करूं मुझसे पढ़ाई नहीं हो पा रही



राजेश ने तीसरे पेज पर मम्मी-पापा, दीदी, छोटी बहन और सभी दोस्तों के लिए दिल का चित्र बनाकर लव यू लिखा है। फिर लिखा है कि अब पापा टूट जाएंगे, मैं क्या करूं मुझसे अब पढ़ाई नहीं हो पा रही है। मैं आखिरी परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था लेकिन उससे पहले बवाल में फंस गया। सब लोग अपना ख्याल रखना और दीदी लोग सब अच्छे से रहना। उसने लिखा कि दीदी तुम्हारी शादी तो नहीं करवा पाउंगा लेकिन पापा सब कुछ अच्छा देखकर शादी कीजिएगा।

## पीडीए अधिकारियो ने अवैध निर्माण को किया सील




**प्रयागराज।** अजय कुमार संयुक्त सचिव, जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन-06 के अन्तर्गत अवैध निमार्णों पर सीलबन्दी की कार्यवाही की गयी। दारा यादव द्वारा स्थल ग्राम-बहगलपुर 40 नं० गोमती कोड़सर रोड फाफामऊ, प्रयागराज में किये जा रहें अवैध निर्माण को सील किया गया वहीं संगीता देवी द्वारा स्थल ग्राम-बहमलपुर 40 नं० गोमती कोड़सर रोड फाफामऊ, प्रयागराज में किये जा रहें अवैध निर्माण को सील किया गया। उपर्युक्त कार्यवाही में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त भवन निरीक्षक एस.पी.सिंह, सुपरवाइजर एवं पीडीए प्रवर्तन टीम आदि उपस्थित रहे।

# नैनी सेंटर जेल से हुए रिहा पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी सेंटर जेल से हुए रिहा पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया। सपा के पूर्व विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड के मामले में नैनी सेंट्रल जेल में सजा काट रहे भाजपा के बारा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया गुरुवार की सुबह 7.37 पर कारागार से रिहा हो गए। रिहाई के पहले ही जेल गेट पर उन्हें लेने के लिए उनकी पत्नी नीलम करवरिया, बेटा सक्षम और वैभव समेत परिवार के अन्य सदस्य व रिश्तेदार पहुंचे थे। जेल गेट के बाहर आते ही उदयभान और उनके चेहरे पर बेहद खुशी दिखी। उन्होंने सूबेदार से हाथ मिलाया। जिसपर सूबेदार ने उन्हें बधाई दी। नैनी सेंट्रल जेल में जनवरी 2014 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया गुरुवार सुबह रिहा कर दिए गए। रिहाई के समय उनकी पत्नी पूर्व भाजपा विधायक नीलम करवरिया व अन्य समर्थक भी जेल के बाहर मौजूद रहे। राज्य सरकार ने अच्छे चाल चलन की वजह से समय पूर्व उनकी रिहाई का आदेश दिया है। यह आदेश 19 जुलाई को जारी हुआ था। कागजी खानापूर्ति में पांच दिन और लग गए। प्रयागराज मंडल की राजनीति में बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व विधायक उदयभान करवरिया और उनके भाइयों और बड़े भाई पूर्व बसपा सांसद कपिल मुनि करवरिया तथा छोटे भाई पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया के अलावा रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी ( कल्लू) को झूंसी से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित हत्याकांड में उम्र कैद मिली थी। जवाहर पंडित की 13 अगस्त 1996 में सिविल लाइंस क्षेत्र में एके 47 से गोली मारकर हत्या की गई थी।

### पत्नी और समर्थकों ने किया स्वागत



### क्या बोले उदयभान

उदयभान जेल गेट से निकलने के बाद कहा कि वैसे तो न्याय प्रक्रिया पर कुछ बोलना ठीक सही नहीं है, लेकिन न्याय की बात होती तो हमें जेल नहीं जाना पड़ता। हम तो प्रोफाइल का शिकार होकर फंस गए। राजनीति में दो पार्टियों की राजनीति के षड्यंत्र में 10 साल की जेल काटना पड़ा। हमने समाज की सेवा की है और आगे भी करना है। पत्नी का इलाज पहली प्राथमिकता उदयभान करवरिया ने कहा कि बाहर आने के बाद सबसे पहली प्राथमिकता पत्नी का इलाज कराना है। उन्हें लीवर सोराइसिस है। उनका लीवर ट्रांसप्लांट कराना काफी जरूरी है। उनका स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो यह पहले देखना है। राजनीती के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी राजनीति करेगी। इसके बाद वह अपने परिवार व अन्य समर्थकों के काफिले के साथ अपनी कोठी के लिए रवाना हो गए।

# जमीनी विवाद में अधिवक्ता ग्रामीण आमने-सामने, जमकर चलें ईंट पत्थर

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** स्थानी थाना क्षेत्र के नई झूंसी में गुरुवार की दोपहर करोणों की जमीन को लेकर अधिवक्ता व स्थानीय लोग आमने-सामने आ गए गाली गलौज से शुरू हुआ मामला मारपीट तक पहुंच गया इस दौरान जमकर ईट पत्थर चले। जिसमे एक कार का शीशा भी टूट गया। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसकी पुष्टि अखंड भारत संदेश अखबार नही करता। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर चार नामजद व दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अधिवक्ता राकेश तिवारी अपने साथियों के साथ नई झूंसी धर्मशाला के पास स्थित अपनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को देखने गए थे। इस दौरान जमीन को लेकर स्थानीय लोगो मे बहस शुरू हो गई। शोर शराबा सुन दर्जनों लोग जमा हो गए और गली गलौज शुरू हो गई देखते ही देखते ईंट पत्थर चलने लगे मौके पर भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगो का कहना था कि सरकारी जमीन पर कुछ लोग अवैध कब्जा करने आए थे जिस पर नगर पंचायत का कूड़ा घर भी बना है। वहीं अधिवक्ता राकेश तिवारी विवादित जमीन को अपनी बताते हुए कन्हैयालाल गुप्ता, बलभद्र केसरवानी, अशोक केसरवानी, आलोक सहित दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराय। पुलिस जांच कर रही है।

## नैनी पुलिस ने दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा पंजीकृत दहेज हत्या के मुकदमे का एक वांछित अभियुक्त व एक अभियुक्ता को नैनी पुलिस द्वारा गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाने में पंजीकृत दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र निषाद पुत्र स्वर्गीय सुन्दरलाल व अभियुक्ता रामकली पत्नी सुरेन्द्र निषाद निवासीगण मोहब्बतगंज थाना नैनी को गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर मोहब्बतगंज मोड़ चाका के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गईं।

# मासूम से दुष्कर्म में मिली फांसी की सजा 25 साल की कैद में तब्दील, हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**मासूम से दुष्कर्म में मिली फांसी की सजा 25 साल की कैद में तब्दील, हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीन साल की मासूम से दुष्कर्म में युवक को मिली फांसी की सजा 25 साल की कैद में तब्दील कर दी है। यह फैसला न्यायमूर्ति अरविंद कुमार सांगवान और न्यायमूर्ति मो.अजहर हुसैन इदरीशी की खंडपीठ ने दोषी प्रेम नरेश की ओर से फांसी के खिलाफ दाखिल अपील और सजा की पुष्टि के लिए जिला अदालत से भेजे गए संदर्भ पर एक साथ सुनवाई करते हुए सुनाया है।मामला औरैया के बिधूना कोतवाली क्षेत्र का है। वादी ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि 20 अक्तूबर 2021 को दोपहर 2:30 बजे उसकी तीन वर्षीय नातिन अपने दरवाजे पर खेल रही थी। इसी बीच गांव के शिव प्रेम का धनवाली निवासी साला प्रेम नरेश पीड़िता को बिस्कुट का लालच देकर ले गया। थोड़ी देर बाद नातिन की शिव प्रेम के कमरे से रोने की आवाज सुनाई दी। मौके पर परिजन पहुंचे तो प्रेम नरेश भाग निकला। पता चला कि प्रेम नरेश ने नातिन के साथ दुष्कर्म किया था। वादी की रिपोर्ट पर कोतवाली बिधूना में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया।पुलिस ने विवेचना में मामले की चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। कोर्ट ने 24 मार्च 2022 को अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए। यह मुकदमा विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट में चला। प्रस्तुत मामले में वादी, डॉक्टर, मां, पीड़िता व पुलिस कर्मी समेत सात लोगों की गवाही कोर्ट में हुई। इसके बाद औरैया सत्र न्यायालय की विशेष अदालत ने 11 माह में सुनवाई पूरी कर प्रेम नरेश को दोषी करार दिया। फांसी की सजा के साथ पांच लाख के अर्थदंड की सजा भी सुनाई थी। उसके खिलाफ जेल में बंद दोषी ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने अपील की आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए फांसी की सजा की 25 साल की तय अवधि की उम्रकैद में तब्दील कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह विरल से विरलतम मामला नहीं है।

## न्यूज झरोखा

### भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया



**नैनी।** नैनी भाजपा के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख चाका संजय श्रीवास्तव एवम वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव ने वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक प्रयागराज के भाजपा कार्यकताओं के संरक्षक उदयभान करवरिया का सानिध्य प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उदयभान करवरिया से वर्तमान राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मयंक यादव, संजय श्रीवास्तव, नीरज शर्मा, प्रदीप कुमार तिवारी, सुनील कुशवाहा, नित्यानंद मिश्रा आदि लोगों ने भी पूर्व विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### एक पखवारे से थाने का चक्कर लगा रही पीड़िता नही दर्ज हो रहा मुकदमा



**सोरांव।** एक पखवारे पूर्व इलाके के माधोपुर सधन गंज गांव में धान की रोपाई करके वापस घर आ रही युवती के साथ परिवार का ही चाचा ने रास्ते में मारपीट, गाली गलौज तथा अश्लील हरकत किया। जिससे पीड़िता के सिर में गंभीर चोटें आई थी। मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने सोरांव थाने पर शिकायती पत्र देकर मुकदमा लिखवाने की मांग किया था जिसका पुलिस ने स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव में कराया गया था। लेकिन एक पखवारा बीत जाने के बाद भी पीड़िता के पिता ने मुकदमा लिखवाने के लिए थाने का चक्कर लगा रहा है। उधर पीड़िता को जिला हॉस्पिटल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। जहां पर हालत गंभीर है। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी परिवार का ही युवक है जो गांव में घूम घूम कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिसको लेकर आरोपी के पिता पुलिस उपायुक्त सहित उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है।

### नगरहा ने नए कानून की अधिवक्ताओं को बांटी पुस्तक



**सोरांव।** वृहस्पतिवार को पूर्व चेयर मैन सदस्य बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश देवेंद्र मिश्रा नगरहा ने सोरांव तहसील के बार कार्यालय में नए कानून को लागू होने पर दर्जनों अधिवक्ताओं को जानकारी के लिए भारतीय न्याय संहिता संग भू राजस्व संहिता की पुस्तक भेंट किए। तथा नगरहा ने कहा कि अधिवक्ता कोर्ट का अधिकारी होता है। अपनी गरिमा और सम्मान के साथ विधि व्यवसाय करके पीड़ित को न्याय दिलाए। तथा अधिवक्ताओं को इस बात का भी भरोसा दिलाया गया कि यदि किसी अधिवक्ता को विधि व्यवसाय करने में कोई परेशानी होती है तो हम उसके साथ रहेंगे। मौके पर महामंत्री रमेश नारायण मिश्र,पूर्व महामंत्री

# कृपालु महिला महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन संपन्न







अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** भारतीय संस्कृति में गुरु को देवता तुल्य माना गया है। गुरु ही सृष्टि कर्ता ब्रह्म है, गुरु ही पालन करता विष्णु है, गुरु ही सृष्टि में प्रलय करने वाले महेश्वर हैं, गुरु ही साक्षात परमेश्वर हैं, ऐसी युक्ति को चरित्रार्थ करते हुए कृपालु महिला महाविद्यालय कुंडा प्रतापगढ़ में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व को बड़े हर्ष उल्लास के साथ महाविद्यालय प्रांगण में मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ जगद्गुरुत्तम महान समाजसेवी संत महाप्रभु श्री कृपालु जी महाराज की आरती करके किया गया। महाविद्यालय के कर्तव्य निष्ठ प्रबंध तंत्र के सम्मानित सदस्यगण ,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार नागर समेत समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्राओं ने अपने आराध्य महाप्रभु के श्री चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।एम.ए. तृतीय सेमेस्टर एवं बी.एड्.की छात्राओं ने गुरु भक्ति को प्रदर्शित करने वाला नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत करके सबके मन को मोह लिया, जिसे देखकर सभी दर्शकों के नेत्र सजल हो गये और गुरु भक्ति में सभी लीन हो गए। श्री महाराज जी के जयकारे से पूरा प्रांगण गूंजायमान हो गया।

## इविवि में निकला 6 फिट का सांप, छात्र लैब से चिल्लाते हुए भागे, प्रोफेसर ने रेस्क्यू किया



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में गुरुवार को लैब को अंदर एक करीब 6 फिट का सांप घुस गया। लैब के अंदर छात्र प्रैक्टिकल कर रहे थे तभी उनके टेबल बड़ा सांप दिखाई दिया। छात्र देखकर वहां से चिल्लाते हुए बाहर भागे। पहले तो लगा कि सांप निकल जाएगा लेकिन वह टेबल पर एक छोर से दूसरे छोर पर चलता रहा।विभाग के प्रो. हिमांशु ने इसकी सूचना वनस्पति विज्ञान विभाग के रिटायर्ड प्रोफेसर हरियाली गुरु को दी। हरियाली गुरु सांप व अजगर पकड़ने में माहिर हैं जिन्होंने अब तक हजारों सांप व अजगर पकड़ा है। हरियाली गुरु रेस्क्यू कर करीब 15 मिनट में सांप पकड़ने में सफल रहे। वह सांप को हाथ में ही लेकर लैब से बाहर निकले लोग वीडियो बनाने में जुटे रहे।

**धामिन सांप में नहीं होता है जहर : हरियाली गुरु**

हरियाली गुरु ने बताया कि यह धामिन सांप है, जिसमें जहर बिल्कुल नहीं होता है। यह किसानों का मित्र कहा जाता है कि क्योंकि यह खेतों में रहता है और चूहों को खाता है। बता दें कि कहीं भी सांप या अजगर निकलता है तो लोग हरियाली गुरु को बुलाते हैं क्योंकि यह एक्सपर्ट हैं। इसी साल 15 मई को खरकौनी में आरके सिंह के आवास पर कोबरा सांप निकला तो वह पकड़ने पहुंचे थे लेकिन कोबरा ने उन्हें काट लिया और इन्हें स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**चल रहा है सर्पकाल, बचकर रहें :** हरियाली गुरु ने कहा कि इस समय सर्पकाल चल रहा है। इस समय सांप बड़ी संख्या में निकल रहे हैं। ऐसे में बचकर रहने की जरूरत नहीं है। सांप काटने के बाद लोग इतना डर जाते हैं कि उनहें अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। क्योंकि 80% ऐसे लोग होते हैं जो सांप के जहर से नहीं बल्कि सांप काटने के बाद उसके डर से मर जाते हैं।

## साकेत एक्सप्रेस पर युवक ने किया पथराव

**यात्रियों ने चलती ट्रेन से धक्का देकर नीचे उतार दिया था**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** यात्रियों द्वारा धक्का देकर चलती ट्रेन से नीचे उतारे जाने से खफा युवक ने ट्रेन पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन अफरातफरी मच गई। यात्री कोच की खिड़की और दरवाजे बंद कर लिए। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन से छूटने के बाद साकेत एक्सप्रेस भंगवा क्रासिंग पार कर चुकी थी। इसी बीच जनरल कोच से एक युवक को धकलते हुए राहगीरों ने देखा। युवक जान जोखिम में डालकर कर नीचे कूद पड़ा। उसके बाद उसने ट्रैक पर पड़ी गिट्टियां उठा कर कोच पर फेंकना शुरु कर दिया। आरपीएफ का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है। किसी ने शिकायत नहीं की है। युवक का आरोप था कि उसे चढ़ने नहीं दिया गया। धक्का दिया गया। वह प्रतापगढ़ का रहने वाला है।

# पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को शादी अनुदान योजना से करायें लाभान्वितः सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा की अध्यक्षता में अन्य पिछड़े वर्ग व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान स्वीकृत किये जाने हेतु जनपद स्तरीय शादी अनुदान स्वीकृति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) शादी अनुदान योजनान्तर्गत 3204 आवेदकों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसे हेतु रूपये 640.80 लाख (20 हजार प्रति लाभार्थी) का वित्तीय आवंटन लक्ष्य जनपद को प्राप्त हुआ है।



बैठक में बोलते सीडीओ नवनीत सेहारा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजनान्तर्गत 1602 लाभार्थियों हेतु रूपये 320.40 लाख का प्रथम आवंटन प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया है कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदक उ0प्र0 शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़ी जाति से सम्बन्धित होना चाहिये, वित्तीय वर्ष में आय सीमा को संशोधित करके रूपये 1 लाख वार्षिक कर दी गयी है, आवेदक अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान प्राप्त कर सकतो है। आवेदक शादी अनुदान का आवेदन पत्र शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन पश्चात् तक आनलाइन कर सकता है। उन्होने बताया कि आवेदक पोर्टल पर आधार आधारित प्रमाणीकरण की नई व्यवस्था (ई-केवाईसी) की शुरूआत वित्तीय वर्ष से की गयी है जिसके माध्यम से आवेदक अपना तथा अपनी पुत्री (जिसकी शादी हेतु आवेदन किया जा रहा है) का आधार पोर्टल पर दर्ज करेगा तथा आधार से लिंक मोबाइल पर ओटीपी का उपयोग कर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करेगा जिसके माध्यम से यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से आवेदक तथा उसकी पुत्री के नाम, पिता का नाम, पता, आयु तथा उनकी फोटो आवेदन में स्वतः अंकित हो जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को लाभान्वित करायें तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें जिससे पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को जानकारी मिल सके। सीडीओ ने विधायक सदर एवं विधायक विश्वनाथगंज के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के गरीब, असहाय व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी में मिलने वाले अनुदान के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करें जिससे लोग आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सके।



बाबा धाम के लिये रवाना होता कांवरियों का जत्था।

## कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिये रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्रावण माह के चार दिन बीत जाने के बाद गुरुवार को जगह-जगह से कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम समेत विभिन्न शिवालयों में जल चढ़ाने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान भक्ति से ओतप्रोत श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारा किया। रवानगी से पूर्व ढोल-नगाड़े डीजे की धुन पर जमकर थिरकने के साथ उद्घोष हुआ। पूरा वातारण शिवमय हो गया। अन्य क्षेत्रों से कांवरियों का आगमन होता रहा। कांवरियां पूरे रास्ते पर नाचते गाते व बोलबम का उद्घोष करते देखे गए। इन कांवरियों के उमंग व जोश देखते ही बन रहा था। बुधवार को दयाल गंज बाज़ार से मा शक्ति पीठ के दर्शन कर कांवरियों के जत्थे में कमलेश गुप्ता, गुड्डू तिवारी, प्रदीप तिवारी, सूरज तिवारी, राजू शर्मा, जयप्रकाश पांडे, अरुण वर्मा, नीरज मिश्रा, वर्षन मंडल, अंकुश तिवारी, आदि शामिल रहे।

## बदसलूकी से नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम सदर को घेरा

**जमकर की एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आखिरकार एसडीएम सदर उदयभान सिंह आज नाराज अधिवक्ताओं के घेरे में आ ही गये। उनके द्वारा दो दिन पहले अधिवक्ताओं के साथ की गई कथित बदसलूकी के विरोध में आज अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस में एसडीएम सदर को घेर लिया और लगभग आधे घंटे तक उन्हें रजिस्ट्री आफिस में रोक रखा और आफिस के बाहर अधिवक्ता एसडीएम सदर के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे।



रजिस्ट्री आफिस के बाहर एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी करते अधिवक्ता

इसकी सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल रजिस्ट्री आफिस पहुंच गया। पुलिस ने एसडीएम सदर को वहां से किसी तरह निकाला। इस बारे में अधिवक्ताओं का कहना है कि दो दिन पहले वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक ज्ञापन देने के लिये एसडीएम सदर के पास गये थे। उस दौरान एसडीएम सदर ने अपने पद का रौब दिखाते हुए अधिवक्ताओं से बदसलूकी कर दी थी जिससे अधिवक्ता नाराज हैं और उनके विरुद्ध विगत तीन दिनों से अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं। समाचार भेजे जाने तक इस सम्बन्ध में अभी कोई रिपोर्ट की सूचना नहीं है।

## बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, बच्चा बैंक ने अपनाया

**कुएं में गिरने से हुई थी लल्लू विश्वकर्मा की मौत, अपने पीछे छोड़ गया तीन मासूम बच्चे**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लल्लू विश्वकर्मा की मौत के बाद उसके तीन मासूम बच्चों का सहारा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी बनेगा। उनकी पढ़ाई का सारा खर्च अब बैंक उठाएगा। गुरुवार को बच्चों को स्कूली बैग और स्टेशनरी ग्रुप की तरफ से दिया गया। जिसे पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था।

जोगापुर के रहने वाले लालू विश्वकर्मा अपना पुस्तैनी धंधा करके अपना और परिवार का पालन पोषण करता था। उसके तीन बच्चे काजल, आंचल और अनुराग पढ़ रहे हैं। कुछ दिनों पहले लल्लू की कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। मौत के बाद परिवार पर पहाड़ टूट गया था। बच्चों की पढ़ाई चौपट न हो। उनके जीवन में शिक्षा का अंधेरे न होने पाए। इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने पहल की है। गुरुवार को ग्रुप की तरफ से तीनों बच्चों को स्कूली बैग और स्टेशनरी दी गई। ग्रुप के सहयोगी मोहम्मद अनीश और वीके तिवारी ने कहा है कि इन बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी।

## एसडीएम पट्टी व सीओ ने रजिस्ट्री आफिस का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बृहस्पतिवार को दोपहर एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद एवं सीओ आनंद कुमार राय औचक निरीक्षण के लिए अचानक उप निबंधक कार्यालय पहुंच गए उनके साथ कोतवाल आलोक कुमार व दर्जनों पुलिसकर्मी भी थे। एसडीएम के साथ सीईओ ने रजिस्टर पट्टी उदयेंद्रनाथ सिंह से जानकारी ली।

साथ ही उन्होंने यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों के संदर्भ में भी रजिस्ट्रार से जानकारी ली। उन्होंने यहां पर प्रतिदिन होने वाले बैनामा एवं एक माह में कुल किए गए बैनामा अनुबंध के संदर्भ में भी



निरीक्षण कर करते एसडीएम पट्टी व सीओ।

जानकारी ली। लगभग 45 मिनट तक रुकने के बाद फोर्स के साथ दोनों अधिकारी यहां से वापस चले गए। जिस समय निरीक्षण चल रहा था उसे समय निबंधन कार्यालय में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित था। लोग अचरज भरी निगाह से बाहर से ही देख रहे थे।

## मुठभेड़ में चार अपराधी गिरफ्तार, दो पिस्टल व दो तमंचा बरामद

**मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अपराधियों को भेजा जेल**

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से दो पिस्टल, दो तमंचा, कारतूस, स्विफ्ट कार की बरामदगी भी की है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गुरूवार को आरोपियों को जेल भेज दिया। लीलापुर एसओ नरेन्द्र सिंह गुरूवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे कि इसी बीच मुखबिर से मत्तूपुर बोझी के पास कार सवार लोगों को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस ने जबाबी कार्रवाई करते हुए कार समेत उस पर सवार चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि लीलापुर पुलिस द्वारा नगर कोतवाली के नरायनपुर निवासी सत्यम सिंह उर्फ मोण्टी पुत्र सतीश सिंह सुल्तानपुर जनपद के कोतवाली नगर अन्तर्गत नरायनपुर निवासी रौनक मिश्र पुत्र विनीत मिश्र व इसी जनपद के कोतवाली देहात के उदरा निवासी मो. दिलदार पुत्र मो. शानुन तथा अमेठी जनपद के रामगंज थाना अन्तर्गत मंगरा निवासी नसीम खान पुत्र ताजिब खान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो के पास से दो पिस्टल व दो तमंचा व एक कार की बरामदगी भी की गयी है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमें भी दर्ज है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रानिक दुकान का लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**काफी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू**

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज लखनऊ राज मार्ग के आलापुर मे बुधवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे बिजली की शार्ट सर्किट से चन्द्रिका इलेक्ट्रानिक की दुकान जिसके मालिक संदीप कुमार पांडे की दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया जो किराये पर अपनी इलेक्ट्रानिक की दुकान खोले हुए थे।

रात को जलने की बदबू लगने पर दुकान के मकान मालिक बबलू भैया ने फोन से रेलवे फाटक के निकट अपने घर पर रह रहे संदीप



शार्ट सर्किट से जलकर राख हुआ दुकान का सामान।

को बताया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच गये और किसी तरह दुकान की शटर का ताला खोला तो अचानक हवा पाकर आग तेज हो गई और अफरा तफरी मच गई। बगल में बलराम जायसवाल की कपड़े की दुकान किराये पर लेकर खोल रखी है। इनके दुकान की बिजली की केबिल सुलग रही थी। किसी तरह कालाकांकर पावर हॉउस से आलापुर की बिजली बन्द कराई गई। उसके बाद आस पास के लोगो ने किसी तरह आग पर काबू पाया। दुकान मे आग लगने की जानकारी होने पर कालाकांकर पावर हाउस के लाइन मैन भी पहुंच गये। सूचना मिलने पर कुंडा से फायर ब्रिग्रेड की गाडी पहुंची तब तक आग बुझ चुकी थी। आग लगने के दौरान कुछ देर के लिए राजमार्ग बाधित रहा जिसमे कुछ वी आई पी को रुकना पड़ा हालाकि जल्द ही आवगमन को मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने बहाल किया। इस आगजनी मे दुकान मालिक संदीप के मुताबिक लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। अपनी आखो के सामने धू धू करके जल रही दुकान को देख संदीप का गला भर आया लोग आश्वासन दे रहे थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मायके पक्ष के लोगों ने जताई हत्या की आशंका**

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए लेकर सीएचसी पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। कंधई थाना क्षेत्र के वारी खुर्द गांव की रहने वाली रेखा देवी पत्नी राम मूरत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर चिकित्सक द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पट्टी पुलिस घटनास्थल कंधई थाना क्षेत्र होने के चलते कंधई पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मंगरौरा पुलिस चौकी इंचार्ज भूपेश नाथ सिंह, महिला उपनिरीक्षक शालिनी देवी मय हमराह के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के तीन बच्चे हैं जिनमें बेटा अंश जिसकी उम्र 11 वर्ष है, मझली बेटी अंशिका उम्र 8 वर्ष व छोटी बेटी अनीशा उम्र 5 वर्ष है। सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

## ट्रेनर ने मारी ई रिक्शा को टक्कर, चालक सहित तीन घायल, ट्रेनर चालक हुआ फरार, दी गई तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर नवाबगंज व लवाना क्षेत्र मे ई रिक्शा की बढ़ती संख्या से नवाबगंज परियावा बाजार मे आये दिन रेलवे फाटक व भारी वाहन के आ जाने से दोनो तरफ अच्छा खासा जाम लग जाता है ई रिक्शा की बढ़ती संख्या से आये दिन छिट पुट घटनाये होती रहती है बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ई रिक्शा की ड्राइविंग सीट पर बैठकर चालक फर्राटे मार रहे है। जिसमे नाबालिक ड्राइवर भी है, जिसका ताजा उदाहरण गुरुवार की सुबह लगभग नौ बजे नवाबगज थाना क्षेत्र के प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर अहमदगंज सोनामऊ पर देखने को मिला।

गांव के बीच नहर के पास परियावां निवासी फिरदौस आलम पुत्र महमूदुल हसन (35) वर्षीय अपनी ई रिक्शा से ऊंचाहार दवा के लिए दो महिला सवारी को लेकर बुकिंग पर जा रहे थे कि सामने से प्रयागराज की तरफ जा रही मालवाहक ट्रेनर ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें ऑटो पर सवार थाना नवाबगंज के मुरस्सापुर निवासी शहीरून बानो पुत्री नन्हे सलमानी (20) वर्षीय व अख्तरी बानो पत्नी नन्हे सलमानी (60) वर्षीय व ऑटो चालक फिरदौस घायल हो गये। जिनको परिजन लोग उपचार के लिए सी एच सी ऊंचाहार ले गयें जंहा चिकित्सको ने दोनो मां बेटी अख्तरी बानो व बेटी शहीरुन बानो को गंभीर चोट होने पर जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया और ऑटो चालक फिरदौस आलम को उपचार करके घर भेज दिया। ऑटो पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रेनर चालक साइड मारने के बाद कुछ पल के लिए खड़ा देखता रहा फिर गाडी लेकर फरार हो गया जिसकी तहरीर पीड़ित ई रिक्शा चालक ने फिरदौस ने पुलिस को दी। ट्रेनर गाडी का नम्बर भी पुलिस को दिया है पुलिस पता लगाने मे लगी हुई है।

## ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी के पास गुरुवार की सुबह अभिनय कुमार गौतम उर्फ़ विक्की पुत्र देवीदीन गौतम खनवारी संग्रामगढ़ निवासी बाईक से अमित कुमार राजकुमार खनवारी निवासी बाइक से कंही जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे मौके पर अभिनय उर्फ़ विक्की की मौत हो गई और बाइक पर सवार दो अन्य अमित व राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गये जिनको उपचार के लिये सी एच सी संग्रामगढ़ ले गये जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक अभिनय के घर मे कोहराम मच गया। सभी परिजन व गांव के लोग घटना स्थल पहुंच गये। मौके पर संग्रामगढ़ पुलिस भी पहुंच गई। आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणो ने खनवारी सड़क पर लकड़ी रखकर सड़क जाम कर दिया जिससे पुलिस के पसीने छूट गये। काफी मशक्कत के बाद परिजन लोग शांत हुए और शव को पीएम के लिए पुलिस को दिया। पुलिस ने लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर पुलिस ने चालक सहित ट्रक को कब्जे मे ले लिया है। पीड़ित परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी के पास गुरुवार की सुबह अभिनय कुमार गौतम उर्फ़ विक्की पुत्र देवीदीन गौतम खनवारी संग्रामगढ़ निवासी बाईक से अमित कुमार राजकुमार खनवारी निवासी बाइक से कंही जा रहे थे।

इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे मौके पर अभिनय उर्फ़ विक्की की मौत हो गई और बाइक पर सवार दो अन्य अमित व राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गये जिनको उपचार के लिये सी एच सी संग्रामगढ़ ले गये जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक अभिनय के घर मे कोहराम मच गया। सभी परिजन व गांव के लोग घटना स्थल पहुंच गये। मौके पर संग्रामगढ़ पुलिस भी पहुंच गई। आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणो ने खनवारी सड़क पर लकड़ी रखकर सड़क जाम कर दिया जिससे पुलिस के पसीने छूट गये। काफी मशक्कत के बाद परिजन लोग शांत हुए और शव को पीएम के लिए पुलिस को दिया। पुलिस ने लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर पुलिस ने चालक सहित ट्रक को कब्जे मे ले लिया है। पीड़ित परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## बचे हुए आरोपितों के घर पहुंचा बुलडोजर, फरार हुए परिजन

**राजस्व कर्मी पुलिस बल के साथ करते रहे नाप जोक**

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र की किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में बचे हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन पूरी तरह एक्शन में रहा। दोपहर तक दबिश देने के बाद जब बचे हुए आरोपितों का पता न चला तो पुलिस टीम व राजस्व कर्मी बुलडोजर लेकर गांव पहुंच गए। शाम लगभग चार बजे बेलसंडी गांव पहुंचकर आरोपितो के घरों को चिन्हित कर राजस्व विभाग की टीम उनके घरों की नाप जोख शुरू कर दी है।

गांव में बुलडोजर और राजस्व टीम द्वारा नाप जोख देख घर के लोग सहमे हुए हैं। बचे हुए आरोपितों के परिवार व गांव के उनकी करतूतों पर शर्मिंदा है। पुलिस टीम गांव में तीन घंटे खड़ी रही। नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया कि एसडीएम पट्टी के निर्देश पर बेलसंडी गांव पहुंचकर आरोपितों के घरों की नाप जोख की जा रही है। अभी कुछ निष्कर्ष नहीं निकला है। राजस्व टीम में बृजेश कुमार नायब तहसीलदार अरुण प्रताप सिंह राजस्व निरीक्षक राम यश मौर्य खुर्शीद आलम रजनीश पांडे लेखपाल मौजूद रहे। इसके अलावा इंचार्ज कोतवाल दीप नारायण, उप निरीक्षक अजीत सिंह, इंद्रेश कुमार लक्ष्मीकांत सिंह, संतोष पासवान, महिला उप निरीक्षक अर्चना समेत भारी पुलिस बल गांव में मौजूद रही। मौके पर दो बुलडोजर खड़ा करके आरोपियों के परिजनों को एक घंटे का समय दिया गया है। परिजन आरोपियों को हाजिर करने की बात कर रहे हैं। राजस्व टीम व पुलिस कार्यवाही के कारण गांव के ज्यादातर घरों में ताला लटका हुआ है और लोग अपना घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

### एसडीएम का आदेश नही मानते लालगंज कोतवाल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाल के लिए एसडीएम का आदेश कोई खास मायने नहीं रखता है। सप्ताह भर बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाई गई बैरिकेडिंग को पुलिस नही हटवा पाई।मामले में सख्ती दिखाते हुए एसडीएम ने पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया था। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थित लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर मदरमेरी व सरोजनी कॉन्वेंट स्कूल के सामने बैरिकेडिंग लगाकर लोगो की यात्रा में बाधा उत्पन्न की जा रही है,जो एनएच के नियमों के विरुद्ध है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना उच्चाधिकारियों के अनुमति के बिना बैरिकेडिंग लगाना नियम विरुद्ध है, फिर भी कुछ लोग नियमों को दरकिनार करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगो की यात्रा में अवरोध पैदा कर रहे है।

# लाठी डंडा लेकर पहुंचे दर्जनों लोगों ने घर में घुसकर पूरे कुनबे पर किया हमला

अखंड भारत संदेश

## मामले को सुलझाने में थाना पुलिस के पसीने छूट गए



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चरवा खुर्द में गुरुवार की देर रात रास्ते के विवाद के चलते दर्जनों लोगों ने घर में घुसकर पूरे कुनबे पर हमला किया है जिससे पूरे परिवार के लोग लहू लुहान है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है सूचना पर पहुंची चरवा थाना पुलिस को मामले को सुलझाने में पसीने छूट गए हालाकि पुलिस ने किसी तरह से आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर झगड़े को शान्त करवाया। देर रात थाने में भीड़ लगी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक चरवा खुर्द के रहने वाले धीरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. रामभजन के पड़ोस के रहने वाले नितेश सचिन मनजीत अभय सुरेश राकेश शिव नरेश राम बालक भोला विकास परीक्षित राम सुमेर सनी सुदेश सहित करीब 50 से अधिक लोग लाठी डंडा लेकर गाली गलौज करते हुए रास्ते के विवाद में गुरुवार की रात जबरन धीरेंद्र के घर पर चढ़ आए धीरेन्द्र के परिवार वालों पर भीड़ ने हमला बोल दिया लाठियों से जमकर पीटा जिससे उसके परिवार के कई लोगो को चोट आई है। धीरेन्द्र के अनुसार उनके घर के पास सीसी रोड का निर्माण हो रहा है रास्ता चौड़ी होने की बात आई तो धीरेन्द्र कुमार व उसके परिवार वाले इसका विरोध किए तो नगर पंचायत चरवा के ईओ व अध्यध प्रतिनिधि आए और 10 फिट रास्ता बनवाने का निर्णय लिया गया जबकि उसके विपक्षी शिव सरन, रूद्र प्रसाद, हंसराज व अन्य कई लोगो ने यह फैसला नही माना जिसको लेकर यही बवाल हुआ और धीरेंद्र के परिवार पर हमला किया गया है हालाकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।



# बेकाबू कंटेनर पलटने से लगी आग दो झुलसे लाखों का सामान जला

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढ़ा बाईपास के पास चलती कन्टेनर सड़क किनारे पलट जाने से अचानक आग लग गयी जिससे डीसीएम में मौजूद खलासी और चालक वाहन के अंदर फस गए और झुलस गए आग देख कर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दिया है फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई मौके पर बचाव एवं राहत कार्य जारी है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या जनपद के रहने वाले राम अवतार और सूरज चित्रकूट जनपद से कंटेनर में चावल लादकर जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा बाईपास के पास पहुँचे बेकाबू कंटेनर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गया कंटेनर पलट जाने से कंटेनर में भीषण आग लग गयी राम अवतार ड्राइवर और सूरज क्लीनर कंटेनर में फस गए मौके पर पहुँची पुलिस ने फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से आग बुझा कर दोनो को कंटेनर से बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है कंटेनर ट्रक में लोड लाखो का सामान जलकर राख हो गया है हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया है।

## न्यूज झरोखा

### प्रतिदिन होने वाली रजिस्ट्री का रजिस्टर प्रतिदिन मेनेटेन किया जाय : मधुसूदन हुल्गी

जिलाधिकारी ने उप निबंधक कार्यालय मंझनपुर का किया औचक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा गुरुवार को उप निबंधक कार्यालय, मंझनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कार्यालय में रजिस्टर मेंनटेन, दस्तावेजों के रख-रखाव एवं साफ-सफाई को देखा। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में उप निबन्धक अनुपस्थित थी, जिस पर प्रभारी अधिकारी गौरव श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि वे चिकित्सीय अवकाश पर हैं। जिलाधिकारी ने वहॉ पर रजिस्ट्री कराने आये हुए लोगों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की कि आप लोगों को किसी प्रकार से परेशान तो नहीं किया जाता हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की कि आज कितनी रजिस्ट्री आयी है, लेकिन मौके पर रजिस्टर मेनटेन नहीं था, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रतिदिन होने वाली रजिस्ट्री का रजिस्टर प्रतिदिन बनाया जाय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी बड़ी रजिस्ट्री जॉच को भेजी जाती है, समयबद्ध तरीके से जॉच पूरी करने की अपेक्षित कार्यवाही त्वरित गति से करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व देरी क्षम्य नहीं होगी।

### जिलाधिकारी ने विद्यार्थी जीशान का कक्षा-06 में दाखिला कराने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई के दौरान विद्यार्थी जीशान, पुत्र एहसान अहमद निवासी ग्राम-कोसमइनाम तहसील-मंझनपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसके पिता बाहर रहते हैं वह बहुत ही निर्धन परिवार से हैं। विद्यार्थी द्वारा अवगत कराया गया कि कक्षा-01 से कक्षा 05 तक की पढ़ाई घर पर ही किया है। विद्यार्थी को कौशाम्बी इंटर कॉलेज में कक्षा-06 में प्रवेश नहीं दिया जा रहा हैं प्रधानाचार्य ने यह कहकर मना कर दिया है कि गृह शिक्षा के आधार पर विद्यालय में प्रवेश नहीं लिया जायेंगा। जिलाधिकारी ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मौके पर ही विद्यार्थी से कुछ सवाल पूँछे, जिस पर विद्यार्थी द्वारा सही जवाब दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्यार्थी को शाबासी देते हुए मौके पर ही जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को बुलाकर उनके आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करवाने के निर्देश देते हुए विद्यार्थी का विद्यालय में दाखिला कराने के लिए कहा।

### रेलवे का आतंक हजारों ग्रामीणों का बंद कर दिया रास्ता

रेलवे ने अवरुद्ध किया अमनी लोकीपुर का रास्ता ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की सिकायत नहीं मिली राहत



**कौशाम्बी** चायल तहसील क्षेत्र के अमनी लोकीपुर गांव लेरवे लाइन के किनारे बसा हुआ है जिस गांव मे लगभग 5 हजार ग्रामीण निवास करते हैं जिनके आने जाने का रास्ता सदियों से रेलवे लाइन के किनारे से रहा है जिसके अतिरिक्त गांव से ग्रामीणों के आने जाने का कोई रास्ता नहीं है। उस रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा लगभग सात फिट की स्थाई पक्की दीवार उठा कर बंद किया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान सहित समस्त ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी की गई है रेलवे विभाग द्वारा रास्ते मे बनायीं जा रही पक्की स्थाई दीवार को रोक लगाने की प्रार्थना ग्रामीणों ने की थी लेकिन ग्रामीणों को कोई राहत नही मिल सकी है। जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या बधित हो रही है और ग्रामीण परेशान हो रहे है स्थानीय लोगो की माने तो गाँव के लोगो की कृषि भूमि गांव के उत्तर की ओर है जिधर रेलवे लाइन स्थित है ग्रामीणों की दिनचर्या तथा खेतो मे काम करने के लिए व बच्चों को स्कूल कालेज व रोजगारों को रोजगार के लिए शहर जाने का एक मात्र रास्ता रेलवे लाइन के किनारे हो कर जाता है जिसे रेलवे विभाग द्वारा बंद किया जा रहा है ।

### न्यू संस्कृत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को दिया गया टैबलेट



**कौशांबी** सिराथू तहसील के न्यू संस्कृत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुंडरावरी में गुरुवार को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कार्यक्रम की मुख्य जिला पंचायत की अध्यक्ष कल्पना सोनकर रही टेबलेट वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कंप्यूटर के युग में टैबलेट का बड़ा महत्व है टैबलेट के बिना बच्चों की पढ़ाई अधूरी है सरकार ने बच्चों के लिए टेबलेट उपलब्ध कराया है जिससे बच्चे इंटरनेट के जरिए पढ़ाई कर अपना भविष्य बना सकें इस मौके पर आकाश विवेक कुमार बद्रीनाथ विवेक सिंह गनेश आदि विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया है टैबलेट पा कर बच्चों ने विद्यालय प्रबंधक और प्राचार्य का आभार व्यक्त किया है और उनके चेहरे पर मुस्कान दिखाई पड़ी है इस मौके पर प्रबंधक अभिषेक सिंह प्राचार्य तीरथ लाल दिनेश सिंह दीपू सिंह सुशील द्विवेदी नितिन सिंह संग्राम सिंह आदि रहे।

# रायपुर के सचिव और प्रधान को जारी हुई कारण बताओ नोटिस

### शासन द्वारा स्वीकृत किए गए स्थान से बाहर अवैध ढंग से आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए नींव खोदे जाने पर हुई कार्रवाई

**कौशाम्बी।** जिले की बाल विकास परियोजना सरसंवा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर के सचिव और प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया गया है आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण के लिए विद्यालय प्रबंध समिति (एस एम सी) के प्रस्ताव पर शासन द्वारा स्वीकृत किए गए स्थान से बाहर अवैध ढंग से निर्माण के लिए नींव खोदे जाने पर हुई कार्रवाई से मनमानी करने वाले सचिव और प्रधानों के बीच हड़कंप मच गया है। जिले में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत संचालित करीब 1245 आंगनबाड़ी केंद्रों में विभागीय भवन नहीं है भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक विद्यालयों के कक्ष और किराए के भवनों में चलाए जा रहे हैं। विभागीय भवन नहीं होने के कारण आधारभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है और लाभार्थियों के बीच आंगनवाड़ी केंद्रों के प्रति आकर्षण नहीं पैदा हो पाता है। इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए के द्वारा शासन के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवन स्वीकृत किए गए हैं ।जिला प्रशासन के द्वारा इस वर्ष ग्राम पंचायत को कार्यदाई संस्था नामित किया गया है। जबकि पूर्व में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और अन्य के कार्यदाई संस्थाओं के द्वारा भावनों का निर्माण कार्य कराया जाता रहा है। ग्राम पंचायत के द्वारा निर्माण कार्य में शुरू से ही मनमानी की जा रही है। प्राथमिक विद्यालय रायपुर के प्रांगण में निर्माण हेतु शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र भवन को पंचायत सचिव और प्रधान के द्वारा मनमाने ढंग से 3 किलोमीटर दूर घासीपुर में कराए जाने के लिए नींव की खोदाई कराए जाने पर मामले की शिकायत ग्राम पंचायत की निर्माण कार्य समिति अध्यक्ष और आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक अमित कुमार सिंह ने किया। मामले की जानकारी होते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता ने सचिव रवि प्रकाश और प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। डीपीओ ने मनमानी करने वाले सचिवों और प्रधानों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि शासनादेश का अनुपालन नहीं करने वालों की विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में डॉ रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि रायपुर में प्रस्तावित स्थल से अन्यत्र आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कराने के लिए नींव खोदे जाने का मामला संज्ञान में आया है। जांच के आदेश दिए गए हैं, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### उपखनिजों का अवैध परिवहन ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए निर्देश

कौशाम्बी उपखनिजों का अवैध परिवहन ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार निरन्तर कार्यवाही की जा रही हैं इसी कड़ी में जिला खनन अधिकारी अजीत कुमार पांडेय ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी में दो या दो से अधिक बार उपखनिजो का अवैध परिवहन ओवरलोड परिवहन में पकड़े गए 13 वाहनों- के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए इन वाहनों का परमिट निरस्तीकरण ब्लैक लिस्ट किये जाने के लिए सम्बन्धित जनपदों के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी ने अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए जिला खनन अधिकारी एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को नियमित रूप से उपखनिजों का अवैध परिवहन ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य

**कौशाम्बी** अधिशासी अभियंता, जल निगम जयपाल सिंह ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 626 नग राजस्व ग्रामों को 275 नग गोजनाओं से अच्छादित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किये गये थें, जिसके सापेक्ष सभी राजस्व, ग्रामों में कार्य प्रारम्भ किये जा चुकें हैं। 626 मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति किये जाने के लिए 357 नग नलकूप बोरिंग के लक्ष्य के सापेक्ष 351 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं। ट्यूबवेल पूर्णतः विकसित कर दिया गया है। 309 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 74 नग उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, शेष कार्य प्रगति पर हैं। 4140 किमी० पाइप लाइन बिछाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष 3947 किमी0 पाइप लाइन विछायी जा चुकीं है। 214035 नग हाउस टैप कनेक्शन के लक्ष्य के सापेक्ष 180685 नग हाउस टेप के कनेक्शन किये जा चुके है तथा 113 नग ग्रामों में लगभग 90000 गृह संयोजनों में जलापूर्ति की जा रही है। योजनाओं के अवशेष कार्य बृहद स्तर पर कराते हुए निर्धारित समय सीमा माह दिसम्बर, 2024 तक सभी राजस्व ग्रामों में हर-घर नल से जल उपलब्ध करा दिया जायेंगा।

### दिव्यांग ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर वैशाखी के लिए करें आवेदन

**कौशाम्बी** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने की योजना संचालित है, जिसमें ऐसे दिव्यांगजन, जिनके पास कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण न हों, एक सप्ताह के अन्दर बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, मोबाइल नम्बर, आय प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, कक्ष सं0-28 विकास भवन में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

### दिव्यांगजन पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से करायें लिंक

**कौशाम्बी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किश्त का भुगतान ह्यह्यआधार बेस्ड पेमेण्ट प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। सभी दिव्यांगजन अपने बैंक से सम्पर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से "NPCI M में जल्द से जल्द लिंक कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनकी आगामी दिव्यांग पेंशन की धनराशि खाते में आन्तरित नहीं की जायेंगी।

### पेपर लीक के आरोपी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** टीईटी पेपर लीक मामले में गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पुलिस ने मनौरी ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है आरोपी देवप्रकाश पाण्डेय की गिरफ़्तारी कर पुलिस ने उस पर कानूनी कार्यवाही की है इस पर पेपर लीक करने का आरोप है एन आरोपियों की पहले गिरफ्तारी हो चुकी थी और यह आरोपी फरार चल रहा था गिरफ्तार आरोपी कुशीनगर का रहने वाला है और आरोपी देवप्रकाश पाण्डेय प्रयागराज के शिवकुटी में रह कर पेपर लीक की घटनाओं को अंजाम देता था रोशन सिंह पटेल के बाद देव प्रकाश पाण्डेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# व्यापार मंडल ने व्यापारिक समस्याओं का सात सूत्रीय ज्ञापन सीएम को सौंपा



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल एवम प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि सचिन कंछल ने व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु 7 सूत्रीय ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 5 कालिदास आवास पर मिलकर

सौपा है जिस पर विंदुवार चर्चा करते हुए जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपए दुकान जलने व लूटने का बीमा कराए जाने की मांग है मंडी शुल्क जीएसटी विलंब से जमा करने पर ब्याज 18 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत किया जाए खाद्य अधिनियम के अंतर्गत सेंपलिंग दिवाली होली ईद के त्योहार पर रोक लगाई जाए और सभी सैंपल 15 दिन पूर्व ही भरे जाएं बिजली का बिल मीटर रीडिंग के आधार पर लिया जाता है बिल पर लगने वाले फिक्स चार्ज एवं मिनिमम चार्ज को समाप्त किया जाए सभी विभागों के लाइसेंस शुल्क 10 वर्ष का लेकर आजीवन किया जाए जैसा कि आपने श्रम विभाग में किया है सभी विभागों की बकाया मूलधन पर ब्याज अधिक लगने के कारण हजारों मामले लंबित हैं इसको 3 माह की एक स्कीम लाकर मूलधन जमा करने वाले व्यापारियों का ब्याज माफ कर केस का निस्तारण कर दिया जाए इससे सरकार को भारी राजस्व प्राप्त होगा और बकाए की राशि समाप्त होगी जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी समस्याओं को समाधान करने पर विचार किया जायेगा बहुत अच्छा प्रस्ताव है कहा कि लाइसेंस शुल्क लेकर 3 वर्ष से 5 वर्ष तक किया जाना चाहिए और ब्याज दर भी काम होना चाहिए स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा जलने और छिनैती का बीमा दिया जा चुका है एमएसएमई में पंजीकृत सभी व्यापारियों को यह सुविधा प्रदान करने के आदेश निर्गत किए गए हैं इसकी आप जानकारी कर लेना सैंपलिंग के लिए मैं लखनऊ में एक समाचार पत्र में पढ़ा था कि किसी दुकानदार के त्योहार के समय सेंपलिंग करने पहुंच गए थे तो उस समय आदेश निर्गत कर दिया था कि किसी भी त्यौहार के 15 दिन पूर्व ही सैंपलिंग होगी आप सभी लोगों के लिए हमने व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जिससे व्यापारियों का सम्मान और सुरक्षा तथा उनके व्यापार पर किसी तरह की कोई बाधा ना आने पाए और प्रदेश में व्यापारियों के साथ किसी भी तरह की अराजकता गुंडई और अवैध वसूली को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करके जेल भेजने की कार्यवाही तत्काल करे कौशांबी के एक व्यापारी के समस्या का आवेदन दिया जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस पर तत्काल कार्यवाही कर अवगत कराए मुख्यमंत्री को पूर्व सांसद प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने स्वलिखित एक फलदायक श्री राम मंदिर की पुस्तक भेट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिलाओं को उनका अधिकार दिलाना है : पूर्व विधायक चायल

## कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई महिलाओं के साथ रेप चोरी की बढ़ गई घटनाएं




**कौशाम्बी।** महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं की भागीदारी को लेकर कसिया मूरतगंज में गुरुवार को कार्यक्रम की बैठक जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक ही नारा है महिलाओं को उनका अधिकार दिलाना है हमारे नेता राहुल गांधी ने और प्रियंका गांधी ने महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में 50 प्रतिशत की भागीदारी दी है सभी महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आपके अधिकार की लड़ाई को लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी इसी संदर्भ में जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गौरव पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया है लगातार महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार, अपराध कि मैं घोर निंदा करता हूं और इस भाजपा की सरकार को बताना चाहता हूं कि हम सभी कौशांबी कांग्रेस के कार्यकर्ता महिलाओं के हक एवं अधिकार की लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे और उनका अधिकार उनको दिलाएंगे। उत्तर प्रदेश में बढ़ते अपराध एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की नाकामियों को चायल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तलत अजीम ने बताया एवं महिलाओं के साथ हो रहा है अपराध को लेकर दुःख जाहिर किया !सभा का संचालन कांग्रेस के छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी 'आजाद' ने किया और कहा कि महिला का सम्मान और महिलाओ के बारे मे सोचने वाली केवल कॉग्रेस पार्टी है! जिसने महिलाओ के सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं किया है कॉग्रेस सरकार में महिलाएं बहन बेटियां सुरक्षित रहती थी जब से भाजपा सरकार आई है तबसे महिलाओं के साथ बलात्कार उत्पीड़न चोरी बढ़ गई है। कार्यक्रम का आयोजन शहनाज अली बेगम और फौजिय ने किया कार्यक्रम में राम बहादुर त्रिपाठी राज नारायण पासी मोहम्मद आरिज ,मोहम्मद असलम ,मोहम्मद अब्बान , सोसल मीडिया जिला अध्यक्ष सचिन पाण्डेय, नूरुत जमा, मोहम्मद मसरूर उर्फ शाहरुख, चरवा नगर अध्यक्ष निक्की पांडे, कमर भाई ,फोजिया शहनाज बेगम, नीतू पासी सूरजमुखी देवी, शिखा पासी, निशा अंसारी तुरकिया बेगम सपना रीना सहित सैकड़ो की संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दबंग प्रधान और नेता पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी करने में थाना पुलिस के फूल गए हाथ-पांव

## सरकारी जमीन बचाने को तैयार नहीं दिखाई पड़े अधिकारी शिकायत के 12 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद के सदर तहसील क्षेत्र के एयरपोर्ट थाना अंतर्गत भीखपुर मेडवाड़ा गांव के अकबरपुर चौराहे की वेशकीमती सरकारी तालाब की जमीन पर 13 जुलाई को दिनदहाड़े लाठी डंडे से लैस क्षेत्र के दबंग एक यूनियन के नेता और ग्राम प्रधान ने कब्जा कर लिया मामले की शिकायत भी अधिकारियों से हुई है कार्यवाही न होने पर मामले की शिकायत 22 जुलाई को थाना समाधान दिवस में हुई लेकिन घटना को धीरे-धीरे 12 दिन से अधिक बीत चुके हैं लेकिन अभी तक दबंग नेता और ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे प्रयागराज की बदतर कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है आरोपियों पर कार्यवाही न होने से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि पंचम लाल कुशवाहा राम अवतार कुशवाहा बुद्दल पासी सहित कई लोगों ने सरकारी तालाब की जमीन पर 13 जुलाई को दिनदहाड़े गुंडो की फौज लेकर के आतंक अत्याचार कर लोगों को मारपीट कर कब्जा कर लिया जिस सरकारी तालाब की जमीन पर कब्जा किया गया है उसकी कीमत लाखों में बताई जाती है सरकारी तालाब को सुरक्षित करने के लिए अधिकारी तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे बदल कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है तालाब के एक हिस्से की जमीन पर शुभम केशरवानी अपनी गाड़ी खड़ी कर देते थे शुभम केशरवानी को भी इन दबंगो ने गाली गलौज किया है उन्हें जान से मारने की धमकी दी है और कहां है कि दोबारा इस जमीन पर गाड़ी खड़ी किया तो तुम्हारी गाड़ी में आग लगाकर जला देंगे जिससे शुभम केशरवानी का परिवार भयभीत है। मेडवाड़ा गांव के सरकारी तालाब में कब्जा करने को लेकर 13 जुलाई को दो लग्जरी वाहनों से लाठी डंडे लेकर एक यूनियन के दर्जनो दबंग नेताओ ने जमकर उत्पात मचाया लोगों के छप्पर झोपड़ी को उखाड़ कर फेंक दिया गुंडो के आगे कानून लंगड़ा दिखाई पड़ा मेडवाड़ा गांव में दिनदहाड़े गुंडों की फौज द्वारा कई घण्टे आतंक अत्याचार की हद कर दी गई लाठी डंडा लेकर लग्जरी वाहनों से पहुंचे दबंगो द्वारा लोगो के सामान को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया गया जिस तरह से शनिवार को मेडवाड़ा गांव में दिन दहाड़े खुलेआम गुंडई की गई है योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए घटना को 12 दिन बीत जाने के बाद कार्यवाही न होने से प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं कि सरकारी जमीन को खुद नहीं बचा सके शिकायत करने के बाद भी सरकारी जमीन को बचाने के लिए अधिकारी तैयार नहीं है।

# गामा व ठुररा ने पेट्रोलिंग आरा मशीन से काट दिया सागौन के 40 हरे पेड़



चौकी प्रभारी मूरतगंज और वन विभाग के अधिकारियों की गोद में खेल रहे लकड़ी माफिया

आखिर पर्यावरण का संतुलन कैसे बनेगा आम जनता को ऑक्सीजन कैसे मिलेगा

**कोखराज कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत लालपुर जलालपुर गांव में लकड़ी माफिया गामा व उसके साथी ठुररा ने प्रतिबन्धित सागौन के 40 हरे पेड़ को पेट्रोलिंग आरा मशीन से काट दिया है हरे पेड़ के कटान में दर्जनों मजदूर लगाए गए थे कई दिन पेड़ का कटान चलता रहा सूचना के बाद भी चौकी पुलिस और वन विभाग के अधिकारी हरे पेड़ के कटान को रोकने के लिए मौके पर नहीं पहुंचे हैं इससे बेखौफ लकड़ी माफिया काटे गए 40 सागौन के पेड़ के लकड़ी को वाहनों में भरकर उठा ले गए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ धरती को हरा भरा करने के लिए वृहद पौधारोपण की बात कर रही है पूरे प्रदेश में जुलाई के महीने में वन विभाग द्वारा बृह्दद पौधारोपण किया जा रहा है दूसरी तरफ लकड़ी माफिया हरी-भरी धरती में लगे विशाल पेड़ को काट करके धरती को वीरान करने में लगे हैं आखिर पर्यावरण का संतुलन कैसे बनेगा आम जनता को ऑक्सीजन कैसे मिलेगा लेकिन इन तमाम गंभीर सवाल के बाद भी लकड़ी माफियाओं पर अंकुश लगाने के बजाय थाना पुलिस और वन विभाग के अधिकारी लकड़ी माफियाओं के आगे घुटने टेककर अपनी जेब भरने में लगे हैं जिससे पर्यावरण को गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है इलाके में हरे पेड़ की कटान बेखौफ तरीके से लकड़ी माफिया कर रहे हैं वन विभाग व पुलिस चौकी प्रभारी की मिलीभगत से लगातार हरे भरे पेडों की कटान जोरों पर हो रही है क्षेत्र में चर्चा है कि जब से वर्तमान मूरतगंज चौकी इंचार्ज आये हैं तब से लकड़ी माफियाओं के हौसले ज्यादा बुलंद हैं वह इन लकड़ी माफियाओं को रात में पेड़ काटने की पूरी छूट दे रखी है वन विभाग के कर्मचारियों से बात की गयीं तो उन्होंने ने कहा कि अभी जानकारी नहीं है जानकारी मिलती हैं तो जाँच कर कार्यवाही होगी। लेकिन हकीकत यह है कि वन विभाग के लोगों को पूरी जानकारी है और उनके संरक्षण में हरे पेड़ काटे गए हैं।

संपादक की कलम से

## राजनैतिक हथियार बनता केन्द्रीय बजट

बुधवार को लोकसभा में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 का बजट जहां एक ओर देश के मुट्ठी भर लोगों को खुशी और ज्यादातर वर्गों के लिये निराशा लेकर आया है, वैसे ही गिनती के राज्यों को खुश करने वाला जबकि अधिकतर को नाखुश करने वाला साबित हुआ है। सरकार बनाने में मददगार रहे दो राज्यों- बिहार और आंध्रप्रदेश की झोलियों को जिस तरह से केन्द्र सरकार ने भरा है, उससे अनेक राज्यों का मायूस होना स्वाभाविक है। इस बजट में जिस प्रकार से सरकार ने भेदभाव बरता है उससे राज्यों में फूट पड़ने की आशंका है; और उसका सबसे बुरा पहलू यह है कि वह देश की संघीय व्यवस्था पर गहरी चोट है। पिछले 10 वर्षों से देश पर शासन कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मुख्य सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने अनेक कृत्यों से जिस तरह भारत के संघीय ढांचे की नींव को हिलाकर रख दिया है, उसी श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में इस बजट को देखा जाना चाहिये। इसका सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यदि बजट का इस्तेमाल कर राज्यों का राजनैतिक समर्थन जुटाने की परम्परा चल पड़ी तो केन्द्रीय राजस्व का बंटवारा अलग-अलग राज्यों की जरूरतों के आधार पर नहीं बल्कि सियासी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये किया जाने लगेगा। यह व्यवस्था वंचित रह गये राज्यों में असंतोष को जन्म देगा। उल्लेखनीय है कि आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी (टीडीपी) के 16 और बिहार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के 12 सांसदों (लोकसभा सदस्य) के बल पर मोदी सरकार टिकी हुई है। पहले से ही अंदेशा था कि अपने समर्थन के एवज में इन दोनों ही पार्टियों के नेता, क्रमशः चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार (अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री) केंद्र की बांहें मरोड़कर कीमत वसूल करेंगे। इन दोनों नेताओं की अपने-अपने प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग रही है। मांग तो ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की भी थी लेकिन वहां अब भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार बन गयी है इसलिये वह मसला कम से कम वहां तो खत्म हो गया है। इस बजट में टीडीपी और जेडीयू के प्रति केन्द्र का खास अनुराग झलका है। चंद्रबाबू नायडू ने जिस विशेष राज्य का दर्जा न मिलने के कारण 2018 में भाजपा का साथ छोड़कर नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस को टा-टा कर दिया था, इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में फिर से उसका दामन थामा था। तभी से नायडू की मांग थी कि आंध्रप्रदेश से अलग होकर तेलंगाना राज्य के बन जाने से उन्हें अपनी राजधानी बनाने की जरूरत है। इसके लिये 15000 करोड़ रुपये उन्हें दिये गये। उनका खुश होना स्वाभाविक है। दूसरी खुशी नीतीश बाबू को मिली है। चुनाव के ऐन पहले विपक्षी गठबन्धन इंडिया को छोड़कर एनडीए में 17 महीने बाद वापसी करने वाले नीतीश कुमार को भी पुरस्कार मिला है- 59 हजार करोड़ रुपए का। इसका बड़ा हिस्सा बिहार में आने वाली बाढ़ पर नियंत्रण करने सम्बन्धी उपायों पर खर्च होंगे। हालांकि इसकी हवा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव (सांसद) ने यह कहकर निकाल दी है कि जब तक नेपाल और उप्र से बिहार को जाने वाली नदियों की बाढ़ को नियंत्रित नहीं किया जाता, तब तक बिहार की नदियों की बाढ़ को नियंत्रित कर पाना असम्भव है। जिस तरह से चंद्रबाबू अब विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की बात भूल गये हैं, वैसे ही नीतीश कुमार भी इससे इतने गदगद हैं कि वे पत्रकारों से कह रहे हैं कि, 'वे तो पहले से कह रहे थे कि उन्हें या तो विशेष राज्य का दर्जा मिले या विशेष पैकेज। केन्द्र ने यह राशि तो दे ही दी है।' हालांकि वे भूल रहे हैं कि इससे बड़ी राशि का ऐलान तो मोदी राज्य की अपनी प्रचार सभाओं में करते रहे थे। बहरहाल, यह भी सच है कि यह राशि राज्य द्वारा केन्द्र की देखरेख और निर्देश पर ही खर्च करनी होगी। जो भी हो, यह आवंटन नीतीश को अपना चेहरा छिपाने और इंडिया छोड़कर एनडीए में शामिल होने के फैसले को सही ठहराने के लिये काफी है। केन्द्रीय बजट एक साझा सम्पत्ति होती है जिसके जरिये पूंजी का वितरण भेदभाव से रहित होना चाहिये। उसका पैमाना इस आधार पर नहीं होना चाहिये कि कौन से राज्यों में अपनी पार्टी की सरकार है या सहयोगी दलों की है या फिर विरोधी दलों की है अथवा किससे समर्थन मिलेगा या किससे नहीं मिलेगा। सेन्ट्रल पूल का पैसा अलग-अलग राज्यों से आता है और वह पूरे देश के सम्मिलित पुरुषार्थ का परिणाम होता है। राज्यों की जरूरतों के आधार पर वह राज्यों को दिया जाता है। इस पक्षपात से न केवल विरोधी पार्टी की सरकारों वाले प्रदेशों में असंतोष फैलेगा बल्कि केन्द्र के साथ उनकी एकजुटता में भी कमी आयेगी। यह देश की एकता के लिये घातक होगा। इस भेदभावपूर्ण बजट की पहली प्रतिक्रियास्वरूप यह सामने आया है कि 27 जुलाई को आयोजित नीति आयोग की बैठक का चार राज्यों ने बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है।

## खतरा : डार्क वेब और डीप वेब

इस समय साइबर दुनिया में चर्चा का विषय है ह्वडार्क वेबह्व । इंटरनेट का 96 प्रतिशत हिस्सा डीप वेब और डार्क वेब के अंदर आता है डार्क वेब इंटरनेट का वो हिस्सा है, जहां वैध और अवैध दोनों तरीके के कामों को अंजाम दिया जाता है।

हकीकत में हम इंटरनेट कंटेंट के केवल चार प्रतिशत हिस्से का इस्तेमाल करते हैं, जिसे सरफेस वेब कहा जाता है। डार्क वेब इंटरनेट का ऐसा एक हिस्सा है जिसे सर्च इंजन द्वारा इंडेक्स नहीं किया जाता है। डार्क वेब को आम तौर पर गैरकानूनी और आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है।

लंदन में किंग्स कॉलेज के शोधकर्ता डैनियल मूर और थॉमस रिड ने 2015 में 5 सप्ताह तक 2723 लाइव डार्क वेब साइट्स की सामग्री को नजर रखी और पाया कि 57 प्रतिशत में अवैध सामग्री मौजूद थी। डीप वेब पर मौजूद कंटेंट को एक्सेस करने के लिए पासवर्ड की जरूरत होती है जिसमें ई-मेल, नेट बैंकिंग आते हैं। डार्क वेब को खोलने के लिए टॉर ब्राउजर का इस्तेमाल किया जाता है। यहां ड्रग्स, हथियार, पासवर्ड, चाइल्ड पॉर्न जैसी बैन चीजें उपलब्ध रहती हैं। डार्क वेब ओनियन राउटिंग टेक्नोलॉजी पर काम करता है। यह यूजर्स को ट्रैकिंग और सर्विलांस से बचाता है और उनकी गोपनीयता बरकरार रखने के लिए सैकड़ों जगह रूट और री-रूट करता है। आसान शब्दों में समझें तो वो शख्स कुछ भी करे, उसे पकड ?ा नामुमकिन हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि डार्क वेब ढेर सारी आईपी एड्रेस से कनेक्ट और डिस्कनेक्ट होता है, जिससे इसको ट्रैक कर पाना असंभव हो जाता है। यहां यूजर की इन्फॉर्मेशन इंक्रिप्टेड होती है, जिसे डिकोड करना नाममुकिन है। डार्क वेब पर डील करने के लिए वर्चुअल करेंसी जैसे बिटकॉइन का इस्तेमाल किया जाता है।

ऐसा इसलिए होता है, ताकि ट्रांजैक्शन को ट्रेस न किया जा सके। कहते हैं कि डार्क वेब पर हत्या की सुपारी देने से लेकर हथियारों की तस्करी तक कई अवैध काम होते हैं। डार्क वेब पर यूजर्स से उनकी पर्सनल डिटेल लीक करने की धमकी देकर उनसे मोटे पैसे वसूले जाते हैं। डार्क वेब पर ढेर सारे ऐसे भी स्कैमर्स होते हैं, जो बेहद सस्ते में वो चीजें भी बेचते हैं जो बैन हैं। बहुत से लोग वहां सस्ते फोन खरीदने के चक्कर में लाखों रुपए गंवा देते हैं।

सरे विश्वविद्यालय में डा. माइकल मैकगायर्स द्वारा किए गए एक अध्ययन ह्यइनटू द वेब ऑफ प्रॉफिटह्न से पता चलता है कि हालात बदतर हो गए हैं। 2016 से 2019 तक डार्क वेब लिस्टिंग की संख्या जो किसी उद्यम को नुकसान पहुंचा सकती है, 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है? सभी लिस्टिंग (ड्रग्स बेचने वालों को छोडकर) में से 60 प्रतिशत संभावित रूप से उद्यमों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बिग डेटा, क्रेडिट कार्ड नंबर, नशीली दवाइयां, अवैध हथियार, नकली मुद्रा, चोरी की गई सदस्यता के क्रेडेंशियल, हैक किए गए नेटफ्लिक्स समेत अन्य अकाउंट खरीदे जा सकते हैं।

# किसान आन्दोलन की समाधान राहें बातचीत से ही खुलेगी

-: ललित गर्ग:-

मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला-युवा विकास के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



सुप्रीम कोर्ट ने किसान-आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक ह्यतटस्थ मध्यस्थह्न की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान-आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते है? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून-व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है।

विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान-आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती-किसानी की दशा-दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन-तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति शृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा।

असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है। जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद थी की सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है। दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं। लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। विपक्षी दल किसानों के हित में आन्दोलन की बजाय बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़े। स्तरीय विरोध हो, किसानों को गुमराह करने एवं उनका मनोबल कमजोर करने के लिये विपक्षी दल उजालों पर कालिख न पोते, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं है।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

## रजिया सुल्तान से राबड़ी देवी तक एक जैसी कहानी

**- सर्वमित्रा सुरजन**

इस देश में एक महिला प्रधानमंत्री हो चुकी हैं, अभी एक महिला राष्ट्रपति हैं, इससे पहले भी एक महिला राष्ट्रपति हो चुकी हैं। अंतरिक्ष से लेकर सेना, पुलिस, चिकित्सा, न्याय क्षेत्र, पत्रकारिता, उद्योग हर जगह महिलाएं अपनी काबिलियत का लोहा मनवाती रही हैं। लेकिन इस बात का हवाला देकर यह कहना कि देश में महिला सशक्तिकरण हो रहा है और महिलाओं को अब बराबरी का दर्जा मिलने लगा है, खुद को छलावे में रखने से अधिक और कुछ नहीं है।

अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो', बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भरे सदन में राजद विधायक रेखा देवी के लिए ऐसा कहा। इससे पहले कल नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के सांसद ललन सिंह ने राबड़ी देवी के बारे में कहा कि उन्हें हस्ताक्षर करना तो ढंग से आता नहीं, वो बजट क्या समझेंगी।

दिल्ली सल्तनत पर 1236 से 1240 के बीच शासन करने वाली रजिया सुल्तान के लिए कहा जाता था कि उनमें सारी खूबियां थीं, सिवाए एक के, कि वह महिला थी। हिंदुस्तान 1236 से 2024 में आ गया, लेकिन महिलाओं के लिए हिकारत भरी सोच अब भी वैसी ही है। क्या फर्क पड़ता है कि इस देश में एक महिला प्रधानमंत्री हो चुकी हैं, अभी एक महिला राष्ट्रपति हैं, इससे पहले भी एक महिला राष्ट्रपति हो चुकी हैं। अंतरिक्ष से लेकर सेना, पुलिस, चिकित्सा, न्याय क्षेत्र, पत्रकारिता, उद्योग हर जगह महिलाएं अपनी काबिलियत का लोहा मनवाती रही हैं।

लेकिन इस बात का हवाला देकर यह कहना कि देश में महिला सशक्तिकरण हो रहा है और महिलाओं को अब बराबरी का दर्जा मिलने लगा है, खुद को छलावे में रखने से अधिक और कुछ नहीं है। अगर महिलाएं अपने लिए बनाए दायरों से निकल कर बाहर आ रही हैं और उनके लिए असंभव, अछूते समझे जाने वाले क्षेत्रों में भी काम कर रही हैं, तो इसके पीछे या तो उनकी कोई मजबूरी होती है या परिवार का अभूतपूर्व सहयोग और प्रगतिशील सोच का असर होता है। इसका अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि देश में महिलाओं के लिए सोच बदल चुकी है। मानसिकता में अब भी लैंगिक भेदभाव कूट-कूट कर भरा हुआ है, जिसके उदाहरण उपरोक्त बयानों से समझे जा सकते हैं। देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सात बार बजट पेश करके रिकार्ड बना लिया है। उनके बजट का सटीक और तार्किक विश्लेषण करने वालों में कई महिलाएं भी शामिल होंगी, जिन्हें अर्थशास्त्र की गहरी समझ होगी। लेकिन क्या इसका यह अर्थ है कि राबड़ी देवी को इस बारे में बोलने का कोई हक नहीं है, क्योंकि ललन सिंह के हिसाब से उन्हें हस्ताक्षर करने ठीक से नहीं आते तो वे बजट पर भी नहीं बोल सकती। क्या ललन सिंह नरेन्द्र मोदी के बारे में भी ऐसी ही बात कह सकते हैं, क्योंकि श्री मोदी हस्ताक्षर अच्छे से कर लें, लेकिन अर्थशास्त्र के ज्ञाता तो वे नहीं हैं। उनकी डिग्री भी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की है, अर्थशास्त्र की नहीं है। फिर भी वे शिक्षकों से लेकर वैज्ञानिकों, बुनकरों से लेकर उद्योगपतियों सबको समझाइश देते रहते हैं। राबड़ी देवी को और देश के तमाम नागरिकों को बजट पर बोलने का उतना ही हक है जितना ललन सिंह या नरेन्द्र मोदी को है। क्योंकि बजट देश के आम नागरिकों के लिए बनता है और उनके ही धन से बनता है, इसलिए अपने विचार रखने का अधिकार भी है। ललन सिंह को अगर राबड़ी देवी के विचारों को खारिज करना ही था तो अपने तर्क सामने रखते। लेकिन उनका पौरुषवादी अहंकार यहां आड़े आ गया कि एक महिला, जो उनके हिसाब से पर्याप्त शिक्षित भी नहीं है और ऊपर से पूर्व मुख्यमंत्री, चार बार की विधायक और विधानपरिषद की सदस्य हैं, वो कैसे बजट पर अपनी राय दे सकती हैं।

## मिसाल कायम करते झुंझुनू के जवान

26 जुलाई कारगिल विजय दिवस पर विशेष

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के अमर सपूतों की इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलनो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सेना द्वारा लड़ी गयी लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे वीरों ने समय-समय पर अपना पराक्रम दिखाया हैं। वीरों की इस धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। वास्तव में यहां की धरती को यह वरदान सा प्राप्त होना प्रतित होता हैं कि इस पर राष्ट्रभक्ति के कीर्तिमान स्थापित करने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। चाहे 1948 का पाकिस्तानी कबायली हमला हो या 1962 में चीन से युद्ध हो या 1965 व 1971 का भारत-पाक युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतू सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनो अंगो की आन की रक्षा के लिये यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को राष्ट्र कभी भुला नही सकता हैं।



राजस्थान में झुंझुनू जिले के नवयुवको में सेना में भर्ती होने की बहुत पुरानी परम्परा रही हैं। यहां के गांवों में घर-घर में सैनिक होता हैं। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजो ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर ह्यशेखावाटी ब्रिगेड ह्यका गठन किया था। देश रक्षा के लिये सेना में शहादत देना राजस्थान की परम्परा रही है। झुंझुनू जिले के वीर जवानो को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा हैं। अब तक इस जिले के कुल 130 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक हैं।

भारतीय सेना में योगदान के लिये झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 55 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं जिले में करीबन 60 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की और से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुये यहां के 486 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है। कारगिल युद्व के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुये थे जिनमें यहां के 19 सैनिक शहीद हुये थे जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे। झुंझुनू जिले से अब तक 486 से अधिक सैनिक जवान सीमा पर शहीद हो चुके हैं।

यहां के गांवों में लोकदेवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धो में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त किये हैं वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किये गये आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्व। सभी अभियान में यहां के सैनिको ने शहादत देकर जिले का मान बढ़ाया हैं। झुंझुनू जिले के हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत को 1948 के युद्व में वीरता के लिये देश का सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। परमवीर चक्र पाने वाले पीरूसिंह शेखावत देश के दूसरे व राजस्थान के पहले सैनिक थे। यहां के सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्व में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया था। आज भी यहां द्वितीय विश्व युद्व के पूर्व सैनिकों की विधवाओं को सरकार से पेंशन मिल रही है।

यहां के जवानो ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतीभा का प्रदर्शन किया है। इस जिले के चित्तोसा गांव के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नो सेना के अध्यक्ष रह चुकें है। वहीं स्व. कुन्दन सिंह शेखावत थल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल व भारत सरकार के रक्षा सचिव रह चुके हैं। जे.पी.नेहरा, सत्यपाल कटेवा, लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद से सेवानिवृत हुये हैं। लेफ्टिनेंट जनरल बसंत कुमार रेप्सवाल सेना सेवा कोर में कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां के काफी लोग सेना में मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल, मेजर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत है। देश में झुंझुनू एकमात्र ऐसा जिला हैं जहां सैनिक छावनी नहीं होने के उपरान्त भी गत पचास वर्षो से अधिक समय से सेना भर्ती कार्यालय कार्यरत है। जिससे यहां के काफी युवकों को सेना में भर्ती होने का मौका मिल पाता है।

जिले में इतने अधिक लोगों का सेना से जुड़ाव होने के उपरान्त भी सरकार द्वारा सैनिक परिवारों की बेहतरी व सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये बहुत कुछ किया जाना अभी बाकी है। कारगिल युद्व के समय सरकार द्वारा घोषित पैकेज में यह बात भी शामिल थी कि हर शहीद के नाम पर उनके गांव में किसी स्कूल का नामकरण किया जायेगा मगर जिले के ऐसे कई शहीदों के नाम पर अब तक सरकार ने स्कूलों का नामकरण कई नहीं किया है। झुंझुनू जिले के दोरासर गांव में सैनिक स्कूल प्रारम्भ हो चुकी है जिसका लाभ सेना में जाने वाले यहां के युवाओं को मिलेगा। 19 साल पहले हमने करगिल तो जीत लिया था, लेकिन शहीदों के परिवारों के सामने आज भी समस्याओं के कई करगिल खड़े हैं। जिन पर जीत दर्ज करनी अभी बाकी हैं। सरकार द्वारा झुंझुनू जिले को देश का सैनिक जिला घोषित कर यहां के सैनिक परिवारों को सुविधाये उपलब्ध करवाने की तरफ पर्याप्त ध्यान दे तो आज भी झुंझुनू क्षेत्र से अनेक पीरूसिंह पैदा होकर देश के लिये प्राण न्योछावर कर सकते हैं।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस कार्यालय परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस ने आपसी पारिवारिक विवाद समाप्त कराकर एक दम्पति में सुलह कराई। गुरुवार को पहाडी थाने के सपहा गांव की श्रीमती प्रेमा देवी पुत्री मैका ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति विष्णू देउंधा थाना रैपुरा व ससुरालीजन गाली-गलौज, मारपीट, लड़ाई-झगड़ा कर प्रताड़ित कर दहेज की मांग करते हैं। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति में तालमेल से रहने का भरोसा दिया।

# जल जीवन मिशन से जल्द पहुंचायें घरों में पानीः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को जल जीवन मिशन के तहत सिलौटा, चांदीबागर, रैपुरा में हो रहे निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि चांदीबांगर, सिलौटा मुस्तकिल, रैपुरा भारत सरकार ने सिलौटा में 59, चांदीबांगर में 286 व रैपुरा में 71 गांव जल जीवन मिशन से आच्छादित किये जायेंगे।

बुधवार को देर शाम कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में कार्यदाई संस्था व टीपीआई को निर्देश दिये कि जो ओएसटी कार्य शेष हैं, उसे सितंबर तक मैनपॉवर बढाकर पूरा करें।



समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीएम।

अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिये कि माइक्रो प्लान बनाकर दें, ताकि वे निरीक्षण कर सकें। उन्होंने एक्सईएन जल निगम को निर्देश दिये कि सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को जोन में बांटकर कार्य करायें, ताकि कार्य में प्रगति हो। कोई भी समस्या हो तो बतायें। संबंधित एसडीएम से निराकरण करायें। सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिया कि शासन की गाइडलाइन अनुसार कार्य करें।

जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि जो लक्ष्य दिया जा रहा है, वहां नियमित पानी आपूर्ति करायें। छोटे-छोटे मजरे में भी पानी पहुंचायें। इंटेकवेल, सीडब्ल्यूआर के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिये कि कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। पानी की गुणवत्ता की जानकारी ली। कहा कि जहां पाइप बिछ गई हैं, वहां पानी की आपूर्ति नियमित करें। पानी का नमूना लेते रहें। जिन सड़कों की पाइप लाइन डालने में खुदाई हुई है, मैन पावर बढ़ाकर दुरुस्त करायें। कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि जिले में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिले में पानी की समस्या है, निदान को ये कार्‌य तेजी से करायें। कार्‌यदाई संस्थाओं से कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्‌य शासन की मंशानुसार होनी चाहिए। बैठक में एडीएम नमामिगंगे श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, एक्सईएन जल निगम आशीष कुमार भारती, एक्सईएन विद्युत/यांत्रिक जल निगम ग्रामीण सुमित कुमार, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, सहायक अभियंता महावीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस हिरासत से चोरी का आरोपी फरार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर पुलिस हिरासत से भागे युवक का शव मिलने का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था कि कोतवाली कर्वी से चोरी आरोप में बंद चोर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस हिरासत से फरार चोरी के आरोपी शिवबली मामले में ड्यूटी पर तैनात दीवान मुन्नालाल व होमगार्ड अजय पाल तथा फरार आरोपी पर कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज कराया है। आरोपी की तलाश को पुलिस की टीमें जुटी हैं। कोतवाली कर्वी से चोरी आरोपी के फरार होने की ये घटना गुरुवार को रात दो बजे हुई। बताया गया कि पुलिस की लापरवाही से चोर फरार हुआ है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी चोर शिवबली को गिरफ्तार कर लाकअप में बन्द किया था। उनका मोबाइल फोन जमा है। ये आरोपी मऊ थाना क्षेत्र का है। कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह कोतवाली की व्यवस्था संभाल पाने में अक्षम प्रतीत हो रहे हैं। इसके पहले भी सिपाही से अभद्रता करने वाला आरोपी कोतवाली से फरार हुआ था। इस बारे में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी के फरार होने का मामला दर्ज है। आरोपी को ढूंढने को पुलिस टीमें लगी हैं।

## पहाडी थाने के चौकीदार ने की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी कस्बे के रवि (25) पुत्र विश्वनाथ आरख थाने में चैकीदार पद पर तैनात था। कल शाम घर से बाजार घूमने की बात कहकर निकला था।

रात आठ बजे तक घर न पहुंचने पर बडे भाई अनिल खोजबीन करने निकला तो पड़ोसी के मोबाइल पर फोन से बताया कि वह रवि बोल रहा है। घर-परिवार का ख्याल रखाना। उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। परिजन मृतक के बताये स्थान पर पहुंचे। तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ले गये। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर हुआ। इलाज दौरान



मृतक की फाइल फोटो।

रवि की मृत्यु हो गई। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। माता-पिता की मृत्यु पहले हो चुकी है। मृतक मिलनसार व शांतप्रिय था। रवि की मौत से मोहल्ले में शोक फैला है।

## भू-माफियाओं के अवैध अतिक्रमण का शिकार है रूपा तालाब

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** प्रदेश सरकार जल संचय को तालाबों का जीर्‌णोद्धार कर अमृत सरोवर बतौर विकसित करने को भारी भरकम धनराशि खर्‌च कर रही है। राजापुर तहसील क्षेत्र के रुपौली गांव के रूपा तालाब अतिक्रमण की चपेट में अस्तित्व खो रहा है।

गुरुवार को रुपौली गांव के गौरीदत्त त्रिपाठी ने एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा को सौंपे पत्र में कहा कि आबादी से लगे रूपा तालाब में पूरे गांव के मवेशियों को पानी पिलाया जाता है। ग्रामीण तालाब के पानी का प्रयोग करते हैं। पूरे गांव की नालियों का पानी तालाब में जाने से तालाब के भीठो



तालाब में अतिक्रमण की शिकायत करने आया ग्रामीण।

में लैट्रिन टैंक बनने से पानी प्रदूषित हो चुका है। गांव के पशु-पक्षी पानी पीने से बीमार होते हैं। पूरा पानी विषैला हो गया है। प्रधान की सह पर रूपा तालाब के चारों ओर भीठों में अवैध अतिक्रमण हो गये हैं। लोगों में अवैध ढंग से कच्चे घर बना लिये हैं। यही तालाब के पानी को प्रदूषित कर रहे हैं। कई बार शिकायत देने के बाद भी कार्‌यवाही नहीं हो रही। दबंग-भू-माफिया बुलंद होसलों से आये दिन रूपा तालाब में अतिक्रमण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने भीठे में कम्पोस्ट खाद के गड्ढे बनाकर गोबर व कचरा डालते हैं। दुर्गंध से संक्रामक बीमारियों के फैलने का अंदेशा है। तालाब के आसपास बसे लोगों का जीना दुभर है। गौरीदत्त त्रिपाठी समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी से मांग किया कि रूपा तालाब का समस्याओं से मुक्ति दिलायें।

## संगीन आरोपों में लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के किहुनिया क्षेत्र में तैनात लेखपाल जितेंद्र गुप्ता को एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा ने शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर निलम्बित कर दिया है।

ज्ञात है कि मानिकपुर तहसील में मृतक आश्रित पर नौकरी पाये लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता अरसे से किहुनिया क्षेत्र में तैनात था। वह भू-माफियाओं को कोलों की जमीनें औने-पौने में खरीदवाने का कारोबार करता था। यहां तक कि वह ऐसे लोग पाले था कि पहले जमीन किसी और के नाम फिर पार्टी के नाम कराता था। इस तरह से दोनों ओर से जमीन की खरीद-फरोख्त में खेल करता था। आम जनता के काम कभी नहीं करता था। उच्चाधिकारियों के निर्देश भी नहीं मानता था। इस बात के आडियो में जमीन पैमाइश के बदले प्लाट मांगने के आरोप समेत अन्य कारणों से उसे एसडीएम मानिकपुर ने निलंबित कर दिया है। लेखपाल पर कई संगीन आरोप की जांच को एसडीएम ने तहसीलदार को जांच अधिकारी बनाया है। सरकारी कार्यों में शिथिलता बरतने व ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं की सह पर ऐसे अन्य कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है। इस बात की शिकायतें जिलाधिकारी व एसडीएम तक पहुंची थी।

## 27 को आयें आवेदक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण योजना के तहत काष्ठकला ट्रेड में जिन अभ्यर्‌थियों ने जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र में ऑनलाइन आवेदन किया है, उनका साक्षात्कार जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केन्द्र कालूपुर पाही में 27 जुलाई को सवेरे दस बजे से होगा। अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों समेत आयें।

## भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष बने संजय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के चित्रकूटधाम मंडल संयोजक संदीप बाल्मीकि ने फूले, साहू जी, बाबा साहब अम्बेडकर व कांशीराम की विचार धारा तथा बहुजन हिताय बहुजन सुखाय को आगे बढाने को राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, प्रदेश संयोजक डॉ कुलदीप भार्गव की संस्तुति से संजय कुमार गौतम पुत्र रामसवारे निवासी धौहाई



भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय गौतम।

पुरवा इटवां फोन नं 9026667958 को चित्रकूट का जिलाध्यक्ष नामित किया है। उनके चित्रकूट जिलाध्यक्ष नामित होने पर तमाम लोगों ने बधाइयां दी हैं। बधाई देने वालों में दिनेश कुमार सनेही, राहुल अम्बेडकर, इन्द्रभान अम्बेडकर, राजेन्द्र पाण्डेय पत्रकार, सत्यप्रकाश द्विवेदी, लवकुश श्रीवास, संजय सिंह राणा व राजेश कुमार रैकवार, मुन्नालाल आदि शामिल रहे।

# शराब दुकान हटाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** असंगठित मजदूर मोर्‌चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलसिंगार ने ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी सम्बोधित पत्र में कहा कि ग्राम पंचायत चुरेह केसरुवा खदरा मोड मानिकपुर में देशी शराब दुकान से आये दिन स्कूल जाने वाली बालिकाओं व खेतों में काम करने



शराब दुकान हटाने को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

वाली महिलाओं से अभद्रता होती है। हाल में चेतीपुरवा की एक बच्ची स्कूल से पढ़कर घर जा रही थी। उस दौरान शराब पीकर उसे पकड़कर उठा ले जाने के प्रयास हुए थे। ग्रामीणों के प्रयास से बच्ची को बचा लिया गया। ऐसी घटना आये दिन हो रही हैं। कम उम्र के बच्चे भी शराब पीना शुरू कर दिये हैं। इसके दुष्परिणाम गम्भीर होंगे। ये शराब दुकान से हादसे भी हो रहे हैं। गरीब पिछड़ा वर्‌ग क्षेत्र होने से गरीबी के चलते लोग शराब दुकान से और गरीब होते जा रहे हैं। घरों में कलह मच रही है। शराब की दुकान से महिलायें आक्रोशित हैं। शराब दुकान तत्काल हटाई जाये। ऐसा न करने पर आन्दोलन को बाध्य होंगे।

# कृषि मेला में किसानों को खेती की दी जानकारी

## मूंग-उर्द आदि बीजकिट बांटे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कृषि मेला में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में जिला स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी व किसान मेला का शुभारम्भ फीता काटकर हुआ।

गुरुवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में अतिथियों ने प्रदर्शनी देखी। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ये खरीफ गोष्ठी हो रही है। विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर योजनाओं का लाभ दें। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, फसल बीमा योजना का किसान लाभ लें। प्रशासन से किसानों की फसलों को बढ़ावा देने को कार्य योजना बनाई जाती है। किसानों की फसलों



कृषि मेला देखते डीएम के साथ अतिथि।

को बचाने को सीडीओ अन्ना गौवंशों को गौशाला में संरक्षित करा रहे हैं। कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ पहले आयें पहले पायें से लें।

सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि खरीफ गोष्ठी से किसानों को कृषि वैज्ञानिक तकनीकी जानकारी दे रहे हैं। किसान लाभ उठायें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि किसान गोष्ठी में कैसे खेती करें, उसके बारे में जानकारी दी गई है। उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने कहा कि जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 340801 हेक्टेयर है। कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल 173802 हेक्टेयर है। खरीफ 88752 हेक्टेयर में होती है। लगभग 46000 हेक्टेयर में औद्यानिक व अन्य फसलें होती हैं। जिले में मात्र 43 फीसदी क्षेत्रफल संचित है। अधिकांश फसलें वर्षा पर आधारित है। उत्पादन, उत्पादकता, कृषि निवेश व्यवस्था, बीज व्यवस्था, उर्वरक व्यवस्था, किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई व्यवस्था, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, कृषक उत्पादक संगठन, खेल तालाब योजना, एकीकृत बागवानी मिशन, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, श्री अन्न योजना आदि के बारे में जानकारी दी। संचालन जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने किया। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य पालन, वन विभाग, पंचायती राज, महर्षि बाल्मीकि एफपीओ, चुन्नी देवी एफपीओ, जय मां संतोषी बीज भंडार, फ्लोवर ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड देहरादून उत्तराखंड, नैनो यूरिया एवं डीएपी आदि विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी लगाई। जिलाधिकारी व सीडीओ समेत कृषक प्रेम सिंह, जियालाल पटेल, राजकुमार सिंह को नैनो उड़िया देकर प्रोत्साहित किया। उदल, राज बहादुर, मुन्नी देवी, भोला, रामभवन, सत्यनारायण, राजबहादुर, गिरीश, दीप नारायण, नत्थूराम, सविता देवी, पवन कुमार आदि किसानों को श्री अन्न योजना के तहत कोदो सांवा, रागी, ज्वार, बाजरा, मूंग, उर्द आदि मिनीकिट बांटे गये। गोष्ठी में डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद समेत संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।



कन्याओं के पैर पूजते ट्रस्टी।

## गौरी व्रत में कन्याओं ने किया जागरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की तपस्थली बड़ीगुफा जानकीकुंड स्थित रघुवीर मन्दिर में गौरी-जया-पार्‌वती व्रत में 125 कन्याओं ने सहभागिता की। आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी से श्रावण कृष्ण द्वितीया तक पांच दिवसीय व्रत को ट्रस्ट चार दशक से मना रहा है। महिला समिति अध्यक्ष ऊषा जैन ने बताया कि ये व्रत गुजरात में भारी तादाद में मनाया जाता है। चित्रकूट में इस व्रत की शुरुवात स्व अरविन्द भाई मफतलाल व स्व श्रीमती सुशीलाबेन मफतलाल की प्रेरणा से हुई थी।

गुरुवार को उन्होंने बताया कि ये परम्परा आज भी कायम है। इस व्रत की महत्ता बताते हुए त्रेता युग में मां जानकी गौरी पूजन करने जा रही थी, तभी एक सखी ने मां जानकी को बताया कि फुलवारी में दो सुंदर राजकुमार आये हैं। उन्हें देखने की लालसा से मां जानकी फुलवारी पहुंची। भगवान राम पर नजर पड़ते ही मां गौरी पूजन कर प्रार्‌थना करती है कि भगवान राम ही उन्हें पति रूप में मिले। मां गौरी उन्हें आशीर्‌वाद देती हैं कि भगवान राम तुम्हे पति रूप में मिलेंगे। तब से ये व्रत अविवाहित कन्यायें करती हैं। इस व्रत से हिंदू सनातन धर्‌म को आने वाली पीढ़ियां जानेंगी। प्रतिवर्‌ष इसकी तादाद बढ रही है। व्रत के अन्तिम चरण में माता गौरी-पार्‌वती की आराधना में रात्रि जागरण व धार्‌मिक-सांस्कृतिक कार्‌यक्रम होते हैं। इस वर्‌ष विद्याधाम सभागार में गुरुभाई-बहनों व सदगुरु परिवार सदस्यों की मौजूदगी में कार्‌यक्रम हुए। बुधवार को सवेरे पूजन बाद प्रार्‌थना भवन से रघुवीर मन्दिर तक शोभा यात्रा निकाली। कन्या पूजन व ज्वारा विसर्‌जन के साथ व्रत की पूर्‌णाहुति हुई।

## लेंस के नाम से जानकीकुण्ड में मरीजों से होती लूट

**चित्रकूट।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय में आंखों में लेंस के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को आंखों में लेंस डालने के नाम पर अलग-अलग दरें बताई जाती हैं। लेंस पर लगे रैपर के सीरियल नंबर व बार कोड की जानकारी मरीज से छिपाई जाती है। लेंस की कीमत के लगे स्टीकर को हटा दिया जाता है। इस तरह से बडा खेल किया जा रहा है।ये खुलासा गुरुवार को हुआ। बताया गया कि संत रणछोड़दास जी महाराज के सेवा प्रकल्प को ठगी का अड्डा बना लिया है। जानकीकुण्ड नेत्र चिकित्सालय ने ट्रस्ट लोगों को ठगने को तरह-तरह की हरकतें करता है। जिम्मेदार अधिकारी को मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करनी चाहिए। ऐसे लूट के कारोबार से तीर्थक्षेत्र बदनाम हो रहा है।

# किसानों को लाभ देने की दें सूचीः डीएम

## डीएम ने की कृषि योजनाओं की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आत्मा शासी निकाय की बैठक में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, डिस्ट्रिक एग्रीकल्चर एक्शन प्लान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की प्रगति, नेशनल मिशन ऑन एडबिल ऑयल सीड की प्रगति, परंपरागत कृषि विकास, प्राकृतिक खेती कार्‌य, सब मिशन आंन एग्रीकल्चर




बैठक में निर्देश देते डीएम।

मैकेनाइजेशन व प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेजीडेंस योजना, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार, प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन, भूमि संरक्षण एनएमएसए के तहत आरएडी राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन योजनाओं की समीक्षा की।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम को उपनिदेशक कृषि ने बताया कि फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने व किसानों को लाभ पहुंचाने की गरज से पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, कृषि से लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने डीडीए कृषि से कहा कि आत्मा योजना से पिछले वर्‌षों में कितने किसानों को योजनाओं का लाभ दिया है। उसमें किसानों को क्या लाभ हुआ, विवरण दें। इस वर्‌ष जो कार्‌य योजना बन रही है, उसमें ब्लॉक वार, ग्राम वार किसानों के नाम समेत सूची दें। जिन योजनाओं से किसानों को लाभ दिया जाना है, प्रचार करायें। मिलेट्स के तहत जिन किसानों को मिनीकिट देना है, सही ढंग से वितरण होना चाहिए। भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्‌देश दिये कि विभागीय योजनाओं का लाभ किसानों को दिलायें। जिन किसानों का चयन करें, पारदर्‌शी ढंग से करें। सीडीओ से कहा कि शासनादेश अनुसार आत्मा योजना के तहत विभागों से किसानों के हित में लाभ पहुंचाने की योजनाओं पर समीक्षा करती रहें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, डीएचओ प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# काठमांडू विमान हादसे में बरामद शव दो दिन बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर बुधवार को हुए विमान हादसे में बरामद सभी 18 शवों का पोस्टमार्टम आज शुरू किया गया है। काफी खराब हालत में शवों के होने से पोस्टमार्टम में काफी समय लग रहा है। इसलिए परिजनों को शव सौंपने में अभी दो दिन का समय और लगने की संभावना है। काठमांडू के महाराजगंज स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक विभाग में विमान हादसे के सभी 18 शवों को रखा गया है। विभाग के प्रमुख डॉ. गोपाल चौधरी ने बताया कि आज सुबह से ही पोस्टमार्टम शुरू करने के लिए 25 डॉक्टरों की टीम लगाई गई है। डॉ. चौधरी ने बताया कि एक शव का पोस्टमार्टम करने में कम से कम चार घंटे का समय लगने वाला है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान दांत या चेहरे पर मृत्यु पूर्व के किसी निशान को ढूंढा जाएगा।




यदि इस तरह का कोई निशान मिलता है तो उसके आधार पर शवों की पहचान करने की कोशिश की जाएगी। यदि शवों पर इस तरह का कोई निशान नहीं मिलता है तो ऐसे शवों का डीएनए परीक्षण किया जाएगा।

डॉ. चौधरी ने बताया कि विमान हादसे में मारे गए सभी लोगों के परिवार वालों से उनके मृत परिजनों के बारे में छोटी से छोटी जानकारी ली गई है। साथ ही उन सभी का रक्त नमूना भी लिया गया है। अस्पताल प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को जानकारी दी है कि दो दिन के बाद ही शव सौंपे जा सकेंगे। इसके पीछे कारण यह है कि जब तक सभी शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो जाता, तब तक शवों का हस्तांतरण नहीं हो सकता है।

## नेपाल : विमान हादसे की जांच के लिए सरकार ने बनाई समिति, कल राष्ट्रीय शोक की घोषणा



**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर आज सुबह हुए विमान हादसे की जांच के लिए सरकार ने एक उच्चस्तरीय जांच समिति बनाई है। इस जांच समिति को 45 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

विमान दुर्घटनाग्रस्त स्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जांच के आदेश दिए थे। विमानस्थल से अपने दफ्तर पहुंचने के बाद कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें विमान हादसे को लेकर कई फैसले किए गए। सरकार ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि देते हुए गुरुवार को राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है।

कैबिनेट की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए सरकार के प्रवक्ता पृथ्वी सुब्बा गुरूंग ने कहा कि कल देशभर के सरकारी दफ्तरों और विदेश में रहे नेपाली नियोग में राष्ट्रीय झंडा को आधा झुकाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में घायल पायलट के संपूर्ण इलाज का खर्च नेपाल सरकार के तरफ से किया जाएगा।

सरकार ने हादसे की जांच के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी के पूर्व महानिदेशक रतीश चन्द लाल के संयोजकत्व में एक उच्चस्तरीय जांच समिति के गठन का भी फैसला किया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस पांच सदस्यीय जांच समिति में वरिष्ठ पायलट दिपुराज ज्वारचन, पुल्चोक इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राध्यापक डॉ सुदीप भट्टराई और संजय अधिकारी को भी रखा गया है। एयर ट्राफिक कंट्रोल अफिसर मुकेश डंगोल को सदस्य सचिव बनाया गया है। गुरूंग के मुताबिक इस समिति को 45 दिनों के भीतर अपना रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

## अमेरिकी लोकतंत्र को बचाने का सबसे अच्छा तरीका 'नई पीढ़ी को मशाल सौंपना' है: बाइडेन



**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने मशाल को नई पीढ़ी को सौंपने का फैसला किया है. उन्होंने कहा कि उनके अभियान से अलग होने का उनका फैसला लोकतंत्र का मामला है. ओवल ऑफिस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि यह हमारे राष्ट्र को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है.

बाइडेन ने 2024 के चुनावी दौड़ से हटने की घोषणा करने और देश के राष्ट्रपति के रूप में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस को समर्थन करने के बाद पहली बार कहा कि यह राष्ट्र को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है. उन्होंने कहा, 'मैंने तय किया है कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका नई पीढ़ी को मशाल सौंपना है.

यह हमारे देश को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है. आप जानते हैं, सार्वजनिक जीवन में लंबे वर्षों के अनुभव के लिए एक समय और स्थान होता है. नई आवाजों, ताजा आवाजों, हां, युवा आवाजों के लिए भी एक समय और स्थान होता है और वह समय और स्थान अभी है.'

ऐतिहासिक रूप से ओवल ऑफिस के संबोधन राष्ट्रपतियों के लिए राष्ट्रीय संकट के समय अमेरिकी जनता से बात करने या प्रमुख नीतिगत घोषणाएं करने के लिए गंभीर अवसर होते रहे हैं.

कोविड-19 के लिए नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद मंगलवार को व्हाइट हाउस लौटे बाइडेन ने अपने अभियान से अलग होने के अपने फैसले को संबोधित किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह 2024 के चुनाव को 'आशा और नफरत के बीच' एक विकल्प के रूप में देख रहे हैं और अपने फैसले को लोकतंत्र के मामले के रूप में पेश कर रहे हैं.

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'मेरे साथी अमेरिकीयों, 50 वर्षों से अधिक समय तक इस देश की सेवा करना मेरे जीवन का सौभाग्य रहा है. दुनिया में कहीं और ऐसा नहीं हो सकता कि स्क्रैंटन, पेनसिल्वेनिया और क्लेमोंट, डेलावेयर में सामान्य पृष्ठभूमि से आया कोई हकलाने वाला बच्चा एक दिन अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में ओवल ऑफिस में रेसोल्यूट डेस्क के पीछे बैठे.' बाइडेन ने थॉमस जेफरसन, अब्राहम लिंकन और फ्रैंकलिन रूजवेल्ट सहित असाधारण अमेरिकी राष्ट्रपतियों को याद किया. इस पवित्र स्थान पर मैं असाधारण अमेरिकी राष्ट्रपतियों के चित्रों से घिरा हुआ हूं.'

बाइडेन ने कहा, 'थॉमस जेफरसन ने अमर शब्द लिखे जो इस राष्ट्र का मार्गदर्शन करते हैं. जॉर्ज वाशिंगटन ने हमें दिखाया कि राष्ट्रपति राजा नहीं होते. अब्राहम लिंकन, जिन्होंने हमें द्वेष को अस्वीकार करने के लिए प्रेरित किया, और फ्रैंकलिन रूजवेल्ट, जिन्होंने हमें भय को अस्वीकार करने के लिए प्रेरित किया, मैं इस पद का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं अपने देश से अधिक प्यार करता हूं.'

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा किसी भी उपाधि से अधिक महत्वपूर्ण है. यह दांव पर है. उन्होंने कहा, 'आपके राष्ट्रपति के रूप में सेवा करना मेरे जीवन का सम्मान रहा है लेकिन लोकतंत्र की रक्षा के लिए, जो दांव पर है और किसी भी पद से अधिक महत्वपूर्ण है. मुझे अमेरिकी लोगों के लिए काम करने से शक्ति मिलती है और मुझे खुशी मिलती है।'


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# पायलट का बयान- सौ फीट की ऊंचाई पर आउट ऑफ कंट्रोल होने से हुई थी नेपाल में विमान दुर्घटना

**काठमांडू।** त्रिभुवन विमानस्थल पर बुधवार को सौर्य एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में एकमात्र जिन्दा बचे पायलट कैप्टन मनीष शाक्य का इस समय काठमांडू मेडिकल कॉलेज (केएमसी) के आईसीयू में उपचार हो रहा है। बुरी तरह से जख्मी होने के कारण कल ही उनका ऑपरेशन भी किया गया।केएमसी के डॉक्टरों से बातचीत में उन्होंने गुरुवार को दुर्घटना के बारे में जानकारी दी है।

उनके मुताबिक उड़ान भरने के तत्काल बाद सौ फीट की ऊंचाई पर विमान आउट ऑफ कंट्रोल हो गया था, जिसके बाद विमान तेजी से नीचे जमीन पर गिर गया और आग लग गई।

रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन होने के बाद जब उनको होश आया और आज जब वह बोलने की स्थिति में हुए तो कैप्टन शाक्य ने केएमसी की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मीना थापा की टीम से बातचीत की। डॉ. थापा ने पायलट से हुई बातचीत की जानकारी देते हुए कहा कि दुर्घटना को लेकर उनको जितनी बात याद है वो उनसे साझा की है। पायलट कैप्टन शाक्य ने बताया कि जैसे ही विमान सौ फीट की ऊंचाई पर गया, वैसे ही अचानक विमान का कंट्रोल उनके नियंत्रण से बाहर हो गया।




कैप्टन शाक्य ने डॉक्टर थापा को बताया कि आउट ऑफ कंट्रोल होते ही विमान तेजी से नीचे जमीन पर गिर गया और आग लग गई। कैप्टन शाक्य ने बताया कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वो उछल कर विमान के कुछ हिस्से के साथ बाहर की ओर गिरे। उनको इतना याद है कि दुर्घटना के कुछ समय के बाद किसी पुलिस वाले ने उन्हें सहायता देकर बाहर निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा।

डॉ. थापा ने बताया कि गम्भीर रूप से घायल और खून से लथपथ कैप्टन शाक्य को लाये जाने के बाद बुधवार को ही सिटीस्कैन किया गया था, जिसमें रीढ़ की हड्डी टूटने की बात सामने आई थी। डॉ. थापा ने कहा कि आज एमआरआई कराने की योजना है। साथ ही अलग अलग कंसल्टेंट उनकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समय कैप्टन शाक्य खतरे से बाहर है और उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्हें रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन होने के कारण आईसीयू में रखा गया है लेकिन वो बातचीत कर रहे हैं।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों को मणिपुर, जम्मू-कश्मीर न जाने की सलाह दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत की यात्रा पर जाने वाले अपने नागरिकों को मणिपुर और जम्मू-कश्मीर के साथ भारत-पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों और देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी न जाने की सलाह दी गई है।

भारत के लिए संशोधित यात्रा परामर्श में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अपराध,आतंकवाद और नक्सलवाद के कारण भारत में अधिक सावधानी बरती जानी चाहिए। कुछ क्षेत्रों में जोखिम बढ़ गया है। कुल मिलाकर भारत को लेवल दो पर रखा गया है। लेकिन देश के कई हिस्सों को लेवल चार पर रखा गया है जैसे जम्मू और कश्मीर, भारत-पाकिस्तान सीमा, मणिपुर और मध्य और पूर्वी भारत के कुछ हिस्से अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि आतंकवाद और नागरिक अशांति के कारण केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर (पूर्वी लद्दाख क्षेत्र और इसकी राजधानी लेह को छोड़कर), सशस्त्र संघर्ष की आशंका के कारण भारत-पाकिस्तान सीमा के 10 किलोमीटर के भीतर, नक्सलवाद, उग्रवाद के कारण मध्य और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों तथा हिंसा और अपराध के कारण मणिपुर की यात्रा ना करें।परामर्श में नागरिकों को आतंकवाद और हिंसा के कारण पूर्वोत्तर राज्यों की यात्रा पर पुनर्विचार करने की सिफारिश की गई है। यात्रा परामर्श में कहा गया है कि भारतीय अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार बलात्कार भारत में सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक है। यौन उत्पीड़न जैसे हिंसक अपराध पर्यटक स्थलों और अन्य स्थानों पर हुए हैं। आतंकवादी कभी भी हमला कर सकते हैं। वे पर्यटक स्थलों, परिवहन केंद्रों, बाजारों, शॉपिंग मॉल और सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हैं। विदेश विभाग ने कहा कि अमेरिकी सरकार के पास ग्रामीण क्षेत्रों में अमेरिकी नागरिकों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की सीमित क्षमता है। ये क्षेत्र पूर्वी महाराष्ट्र और उत्तरी तेलंगाना से लेकर पश्चिमी पश्चिम बंगाल तक फैले हुए हैं। इसलिए अमेरिकी सरकार के कर्मचारियों को इन क्षेत्रों की यात्रा करने के लिए विशेष अनुमति लेनी होगी।



## पैसिफिक रिंग ऑफ फायर के पहाड़ी क्षेत्र पापुआ में आया 5.3 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र पापुआ प्रांत में बुधवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. बताया जा रहा है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 रही है. इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने भूकंप के बारे में जानकारी दी. समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के झटके जकार्ता के समयानुसार सुबह 07:22 बजे महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र मम्बरमो तेंगाह रीजेंसी से 96 किमी उत्तर-पूर्व में रहा. भूकंप का केंद्र जमीन से अंदर 26 किमी की गहराई में बताया जा रहा है. हालांकि, भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है

इससे पहले इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत में अप्रैल महीने के दौरान भूकंप आया था. भूकंप की तीव्रता 6.5 दर्ज की गई थी. बताया गया कि भूकंप के झटके इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता और निकटवर्ती बैंटन प्रांत के साथ-साथ मध्य जावा और पूर्वी जावा प्रांतों में भी महसूस किए गए. बता दें कि इंडोनेशिया एक द्वीपसमूह देश है जो भूकंप के प्रति संवेदनशील है, क्योंकि यह "पैसिफिक रिंग ऑफ फायर" नामक भूकंप-प्रभावित क्षेत्र में स्थित है. इसके चलते देश में भूकंप आने की संभावना बनी रहती ह

ज्ञात हो कि दो दिन पहले जापान के इबाराकी प्रांत में भूकंप आया. रिक्टर स्केल पर 4.8 तीव्रता दर्ज की गई. हालांकि, भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं थी. लेकिन, झटकों के बाद लोग सहम गए और घरों से निकल कर सड़क पर आ गए थे. शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, "भूकंप की गहराई का केंद्र 90 किलोमीटर था. जो उत्तरी इबाराकी प्रांत के 36.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 140.8 डिग्री पूर्वी देशांतर के करीब था."

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा, यह समय नई पीढ़ी को मशाल सौंपने का

**वाशिंगटन।** अमेरिका में साल के आखिरी महीनों में होने वाले राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की दौड़ से हट चुके राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्र के नाम संबोधन भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि अमेरिका का विचार 'आपके हाथों में है'। अपने अभियान को समाप्त करते हुए ओवल कार्यालय के संबोधन में बाइडेन ने कहा कि समय आ गया है, 'मशाल को नई पीढ़ी को सौंप दिया जाए।' बाइडेन ने 'विदाई बेला' जैसे अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की प्रशंसा की

उन्होंने ओवल ऑफिस के बुधवार के संबोधन में अमेरिकी जनता से कहा, "मैंने अपना दोबारा चुनाव लड़ने का विचार त्याग दिया है। क्योंकि अब "नई आवाजों, ताजा आवाजों खासकर युवा आवाजों को मौका देने का समय आ गया है।" बाइडेन अपने 11 मिनट के संबोधन में बहुत ज्यादा भावुक हो गए। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार उनका लहजा (भाषण) प्रारंभिक विदाई जैसा था।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने आज रात ह्यूस्टन में राष्ट्रपति बाइडेन के संबोधन को संचार माध्यम से देखा और सुना। उन्होंने ह्यूस्टन में आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा करने के बाद रात बिताई। उपराष्ट्रपति कल अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टीचर्स सम्मेलन को संबोधित करेंगी।

## एफबीआई निदेशक ने कहा, हमलावर ने ऑनलाइन कैनेडी की हत्या की जानकारी लेने के बाद ट्रंप पर किया हमला



**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करने के आरोपित ने हमला करने से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या करने की जानकारी ऑनलाइन सर्च की थी। यह दावा संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने बुधवार को सांसदों से बातचीत में किया। उन्होंने बताया कि बरामद लैपटॉप से यह जानकारी मिली है

एफबीआई निदेशक ने बताया कि उसने घटना को अंजाम देने से पहले गूगल पर तलाश की थी कि ह्यह्यकैनेडी की हत्या करने वाला ओसावाल्ड कितनी दूर खड़ा था।

ओसवाल्ड दरअसल ली हार्वे ओसवाल्ड का संदर्भ है जिसने 22 नवम्बर 1963 को डलास में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी की हत्या की थी।

रे ने सदन की न्यायिक समिति के समक्ष सुनवाई के दौरान बताया कि ट्रंप की रैली में बंदूक चलाने वाले थॉमस मैथ्यू क्रूक्स ने गूगल पर यह जानकारी प्राप्त करने की कोशिश स्पष्ट रूप से छह जुलाई को की। उन्होंने बताया कि क्रूक्स ने पेनसिलवेनिया के बटलर में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार ट्रंप पर गोली चलाने की घटना को इसके एक सप्ताह बाद अंजाम दिया।

## कनाडा को दूषित कर रहे हैं खालिस्तानी चरमपंथी, हिंदू सांसद ने आतंकी पन्नू की धमकी का दिया करारा जवाब





**नई दिल्ली:** कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को लताड़ लगाई है. आर्य ने बुधवार को कहा कि हम हिंदू दुनिया के सभी हिस्सों से अपने अद्भुत देश कनाडा आए हैं. दक्षिण एशिया के हर देश, अफ्रीका और कैरिबियन के कई देशों और दुनिया के कई अन्य हिस्सों से हम यहां आए हैं और कनाडा हमारी भूमि है. लेकिन खालिस्तानी चरमपंथी इसे दूषित कर रहे हैं.

आर्य ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने आर्य और हिंदू मूल के कनाडाई लोगों से कनाडा छोड़ने के लिए कहा है. वीडियो में पन्नू ने कहा है कि चंद्र आर्य कनाडा, उसके मूल्यों और उसके अधिकारों के चार्टर के खिलाफ काम कर रहे हैं. उसने यह भी आरोप लगाया कि आर्य भारत के हितों को बढ़ावा दे रहे हैं. उसने हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्य आर्य से आगे कहा कि वह अपनी नागरिकता छोड़ दें और भारत वापस चले जाएं. पन्नू ने कहा कि हम खालिस्तान समर्थक सिखों ने दशकों से यह साबित किया है कि हम कनाडा के प्रति वफादार हैं

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कनाडाई सांसद ने सोशल मीडिया पर कहा कि एडमोंटन में हिंदू मंदिर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ और कनाडा में खालिस्तान समर्थकों द्वारा की गई अन्य घृणा और हिंसा की घटनाओं की मेरी निंदा के जवाब में सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें मुझसे और मेरे हिंदू-कनाडाई दोस्तों से भारत वापस जाने को कहा गया है. उन्होंने आगे कहा कि हम हिंदू दुनिया के सभी हिस्सों से अपने अद्भुत देश कनाडा आए हैं. कनाडा हमारी भूमि है. उन्होंने आगे कहा कि हमने कनाडा के सामाजिक-आर्थिक विकास में बहुत सकारात्मक और उत्पादक योगदान दिया है और यह आगे भी जारी रखेंगे. हिंदू संस्कृति और विरासत के अपने लंबे इतिहास के साथ हमने कनाडा की सांस्कृतिक विविधता के ताने-बाने को समृद्ध किया है. आर्य ने कहा कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा की धरती को दूषित कर रहे हैं और कनाडाई चार्टर ऑफ राइट्स द्वारा गारंटीकृत हमारी स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं.